आज का विचार

असफल होने पर आपको निराशा का सामना करना पड़ता है। परंतु प्रयास छोड़ देने पर आपकी असफलता सुनिश्चित है।।

# दैनिक सिटी दर्पण

आईना सच का



8

RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265
Established 2003

विशेष कवरेज
चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और जम्मू कश्मीर

चंडीगढ़, शुक्रवार, 1 जुलाई 2022 | वर्ष 20, अंक 73, मूल्य : 3 रुपये | www.citydarpan.com


# मुख्यमंत्री बने एकनाथ शिंदे

○ महाराष्ट्र में खत्म हुआ सियासी असमंजस का दौर ○ देवेंद्र फडणवीस ने ली डिप्टी सीएम पद की शपथ

■ एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को महाराष्ट्र के 20वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति ने अप्रत्याशित करवट बदली है। कल तक शिवसेना के बागी नेता कहे जा रहे एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को महाराष्ट्र के बीसवें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे देवेंद्र फडणवीस उपमुख्यमंत्री बने हैं। इस प्रकार राज्य में पिछले 10 दिन से चली आ रही राजनीतिक असमंजस की स्थिति समाप्त हो गई है। गुरुवार शाम तक किसी को कानोकान खबर नहीं थी कि राज्य की राजनीति में ऐसा भी कुछ हो सकता है। फडणवीस ने शिंदे के साथ राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी से मुलाकात के बाद प्रेस में की। इसमें उन्होंने घोषणा की कि एकनाथ शिंदे ही राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे। उनके साथ गए शिवसेना के 39, एवं कुछ निर्दलीय व कुछ छोटे दलों के विधायकों को भाजपा समर्थन देगी। जल्द ही होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार में अन्य मंत्रियों को भी शपथ दिलाई जाएगी। जिसमें भाजपा के भी मंत्री शामिल होंगे। फडणवीस ने यह भी स्पष्ट कर दिया था कि वह शिंदे मंत्रिमंडल में शामिल नहीं होंगे। बाहर से ही सरकार की मदद करते रहेंगे।

### पीएम मोदी के फोन से माने फडणवीस

**फडणवीस की** इस घोषणा के कुछ देर बाद ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक राष्ट्रीय टीवी चैनल पर आकर एक नई सूचना दी कि पार्टी ने फडणवीस को भी शिंदे सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में शामिल होने का निर्देश दिया है। वह भी शिंदे के साथ ही शपथ लेंगे। बताया जा रहा है कि फडणवीस को शिंदे के साथ उपमुख्यमंत्री बनने हेतु मनाने के लिए खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें दो बार फोन किया।

### नड्डा और शाह ने की फडणवीस की सराहना

**जब फडणवीस** राजी हुए तो राजभवन में शपथग्रहण के मंच पर लगाई जा रही कुर्सियों की संख्या दो से बढ़ाकर तीन कर दी गई। राजभवन में बने नए दरबार हाल में शिंदे और फडणवीस का यह पहला शपथग्रहण समारोह संपन्न हुआ। बड़ा दिल दिखाने के लिए नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फडणवीस की सराहना की। प्रेस कांफ्रेंस में फडणवीस ने शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा कर उन राजनीतिक धुरंधरों को भी अचरज में डाल दिया, जो यह मानकर बैठे थे कि मुख्यमंत्री वह खुद बनेंगे और एकनाथ शिंदे को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। गुरुवार सुबह ही शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत ने एकनाथ शिंदे पर तंज कसते हुए कहा था कि हम पर टिप्पणियां की जा रही हैं। लेकिन मैंने तो एक शिवसैनिक को मुख्यमंत्री बनाया था। अब तुम भी बालासाहब ठाकरे के एक शिवसैनिक को मुख्यमंत्री बनाकर दिखाओ तो जानें। राकांपा सांसद एवं शरद पवार की पुत्री सुप्रिया सुले भी कह चुकी हैं कि मुख्यमंत्री बनने के लिए 145 विधायकों की जरूरत होती है। एकनाथ शिंदे के पास तो इतने विधायक हैं नहीं। वह सरकार कैसे बनाएंगे?

### शपथ से पहले शिंदे ने ठाकरे-दिघे को याद किया

एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री पद की शपथ भी शिवसेना के संस्थापक बालासाहब ठाकरे एवं अपने राजनीतिक गुरु धर्मवीर आनंद दिघे के नाम पर ली। इस निर्णय के बाद नए 'चाणक्य' की पदवी से विभूषित किए जा रहे देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ये विचारों की लड़ाई थी। अब शिंदे सरकार न सिर्फ राज्य के रुक गए विकास को आगे बढ़ाएगी, बल्कि हिंदुत्व के विचारों को भी आगे ले जाएगी। फडणवीस के इस निर्णय से अभिभूत शिंदे ने कहा कि उनके (फडणवीस) जैसा व्यक्ति मिलना मुश्किल है। राज्य में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। निर्दलियों का समर्थन लेकर उनके पास करीब 120 विधायक हैं। इसके बावजूद उन्होंने बालासाहब ठाकरे के एक शिवसैनिक को मुख्यमंत्री बनाकर अपने बड़प्पन का परिचय दिया है। शिंदे ने खुद को यह अवसर दिए जाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं भाजपा अध्यक्ष नड्डा के प्रति भी आभार जताया। शिंदे ने कहा कि शिवसेना-भाजपा गठबंधन ही स्वाभाविक गठबंधन था। 2019 में इस गठबंधन की सरकार न बन पाने से शिवसेना विधायकों के क्षेत्र में मुश्किलें खड़ी होने लगी थीं। स्थिति ऐसी हो गई थी कि यदि हम महाविकास आघाड़ी सरकार में बने रहते तो हमारा दुबारा चुनकर आना भी मुश्किल हो जाता।

## सत्ता गंवा चुके उद्धव ठाकरे के सामने अब बड़ी चुनौतियां?

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में शिवसेना में बगावत से 31 महीने पुरानी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई और उद्धव ठाकरे को सत्ता छोड़नी पड़ गई. साथ ही शिवसेना पर उनके प्रभाव और उनके नेतृत्व वाले राजनीतिक दल के अस्तित्व को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। शिवसेना पर आरोप लग रहे हैं कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और कांग्रेस से गठबंधन करके उसने अपनी कट्टर हिंदुत्व की विचारधारा को छोड़ दिया था। ठाकरे ने बुधवार रात को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और सप्ताह भर से चल रहा नाटकीय घटनाक्रम पटाक्षेप की ओर है. राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री एकनाथ शिंदे ने पार्टी के खिलाफ विद्रोह की आवाज उठाई थी और बड़ी संख्या में विधायक उनके खेमे में चले गये थे। बागी विधायकों का कहना है कि उन्हें ठाकरे की मुखालफत के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि वे महा विकास आघाड़ी के सहयोगी दलों से संबंध तोड़ने की उनकी मांग पर ध्यान नहीं दे रहे थे। वहीं उन्हें बार-बार बताया जा रहा था कि ये दल शिवसेना को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। असंतुष्ट खेमे के विधायकों का यह भी कहना रहा कि एनसीपी और कांग्रेस से गठजोड़ के बाद बाल ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना हिंदुत्व के रास्ते से हट रही है। शिंदे ने बगावत का झंडा बुलंद करने के बाद यह तक कह दिया कि उनकी पार्टी असली शिवसेना है और वह हिंदुत्व की रक्षा करना चाहती है।



राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार अब ठाकरे के सामने कई चुनौतियां हैं। इनमें पार्टी पर नियंत्रण कायम रखने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ना और बाल ठाकरे की राजनीतिक विरासत को बचाना, पार्टी में नयी जान फूंकना और कार्यकताओं में विश्वास पैदा करना आदि हैं। जानकारों के अनुसार, शिवसेना की विचारधारा कमजोर पड़ गयी है और ठाकरे को उनकी कट्टर हिंदुत्व की पहचान फिर से पाने में मुश्किलें आएंगी।

## पंजाब पुलिस ने पकड़े लारेंस व रिंदा गिरोह के पांच शूटरों समेत 11 गुर्गे

■ हत्या की सात घटनाओं को टाला
■ आरोपियों से हथियार और पांच वाहन बरामद

**भुपेंद्र शर्मा**

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने हत्या की सात संभावित घटनाओं को टालते हुए लारेंस बिश्नोई तथा गैंगस्टर हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा के गिरोह से संबंधित पांच शूटरों समेत 11 गुर्गों को गिरफ्तार किया है। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स के एडीजीपी प्रमोद बान ने गुरुवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के पास से नौ हथियार और पांच लूटे गए वाहन बरामद किये हैं। बान ने बताया कि गिरफ्तार किये गए व्यक्तियों की पहचान जालंधर के मुहम्मद यासीन अख्तर उर्फ जैसी पुरेवाल, मोहाली के नवां शहर बडाला के सागर सिंह, समराला, लुधियाना के अमर मलिक, लोहियां, जालंधर का नवी, नकोदर, जालंधर के अंकुश सबरवाल उर्फ पाया, ऊना (एचपी) के सुमित जसवाल उर्फ काकू, फिल्लौर, जालंधर का अमनदीप उर्फ शूटर, फिल्लौर, जालंधर के शिव कुमार उर्फ शिव, विशाल उर्फ फौजी निवासी नकोदर, जालंधर, ऊना (एचपी) के अरुण कुमार उर्फ मनी राणा और कपूरथला के अनू उर्फ पहलवान के रूप में हुई है। एडीजीपी प्रमोद बान ने बताया की यह गिरोह कई पड़ोसी राज्यों में सक्रिय है और कत्ल, कत्ल की कोशिश, हथियारबंद डकैती, संगठित फिरौती, डकैती और नशा तस्करी जैसे अपराधों में शामिल था। उन्होंने कहा कि इनकी गिरफ्तारी के साथ पंजाब पुलिस ने कम से कम सात कत्ल, दो पुलिस हिरासत से भगाने और चार हथियारबंद डकैतियों को नाकाम कर दिया है। एडीजीपी ने बताया की प्राथमिक जांच अनुसार इस गिरोह को हरविन्दर सिंह उर्फ रिन्दा के निदेर्शों पर गोल्डी बराड़ का साथी विक्रम बराड़ चला रहा था। राजस्थान के हनुमानगढ़ का रहने वाला बराड़ इस समय विदेश में रह रहा है और वह छह राज्यों की पुलिस को वांछित है।

## भूस्खलन में टेरिटोरियल आर्मी के 43 जवान दबे, 7 शहीद

■ मलबे में दबे 82 में से 19 लोग बचाए गए, राहत एवं बचाव कार्य जारी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**इंफाल (मणिपुर)।** मणिपुर के नोनी जिले में तेज बारिश के दौरान बीती रात बड़ा हादसा हुआ। टेरिटोरियल आर्मी कैंप के निकट टुपुल रेलवे लाइन निर्माण शिविर में भारी भूस्खलन के कारण 82 लोग मलबे में दब गए। हालांकि इनमें से 19 लोगों को जिंदा बचा लिया गया, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में टेरिटोरियल आर्मी के 7 जवानों के शहीद होने की पुष्टि हुई है। राज्य सरकार की ओर से जारी सूचना के आधार पर 12वीं बटालियन एनडीआरएफ ने यह जानकारी दी है। भूस्खलन के चपेट में आए लोगों में टेरिटोरियल आर्मी के कुल 43 जवान थे। इनमें से 13 को जीवित निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि 7 जवान शहीद हो गए। अभी तक 23 जवानों का पता नहीं चल पाया है। भारत इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. (बीआईपीएल) के 4 कर्मी थे, जिसमें एक को जीवित बरामद किया गया है। विशाखापट्टनम कंस्ट्रक्शन (वीएससी) कंपनी के 23 कर्मी थे, जिसमें 5 को जीवित बरामद कर लिया गया है, जबकि 18 को पता नहीं चल सका है। रेलवे के तीन कर्मचारी थे, जिनका पता नहीं चल सका है। एक रसोइया था, उसका भी पता नहीं है। 3 अन्य व्यक्ति तथा 5 ग्रामीण थे, जिनका पता नहीं चल सका है। बताया



गया है कि मलबे में अभी और लोग दबे हुए हैं। मौतों का अभी पता लगाना बाकी है। भारतीय सेना और असम राइफल्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के जवान भूस्खलन में गायब हुए लोगों की तलाश में बड़े पैमाने पर राहत एवं बचाव अभियान को अंजाम दे रहे हैं। अब तक 19 लोगों को बचाया गया है। घायलों को आर्मी मेडिकल यूनिट ले जाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए इंफाल के जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान भेजा गया है। बीती रात को हुई इस घटना के पीड़ितों की पहचान सामने नहीं आई है। इस बीच, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह भूस्खलन पीड़ितों के बचाव अभियान के लिए लगातार संपर्क में हैं। इस बीच, आज सुबह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री से टेलीफोन पर बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया और उन्हें सभी आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया है। बीरेन सिंह ने बताया कि टुपुल रेलवे स्टेशन के पास भूस्खलन की घटना को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी बात की है। मुख्यमंत्री सिंह ने स्थिति को देखते हुए आज सुबह आपात बैठक की। बैठक में टुपुल में भूस्खलन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।

## एमएसएमई से ही आत्मनिर्भर बनेगा भारत : प्रधानमंत्री

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को सशक्त बनाने पर जोर देते हुए कहा कि एमएसएमई के विस्तार से ही भारत आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि पिछले आठ साल में सरकार ने एमएसएमई सेक्टर को मजबूती देने के लिए बजट में 650 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोत्तरी की है। प्रधानमंत्री गुरुवार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के "उद्यमी भारत" के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इससे पहले एमएसएमई से जुड़ी दो योजनाओं "राइजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई



परफॉर्मेंस" (रैंप) और "पहली बार के एमएसएमई निर्यातकों की क्षमता निर्माण" (सीबीएफटीई) योजना का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) से जुड़ी नई सुविधाएं भी लॉन्च की। प्रधानमंत्री ने एमएसएमई सेक्टर से जुड़े उद्यमियों को सरकारी क्षेत्र में सामान की आपूर्ति के लिए जीईएम पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का एक्सपोर्ट लगातार बढ़े, भारत के प्रॉडक्ट्स नए बाजारों में पहुंचें इसके लिए देश के एमएसएमई सेक्टर का सशक्त होना बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार इस सेक्टर की असीम संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले रही है और नई नीतियां बना रही है। उन्होंने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम को भारत की विकास यात्रा का बड़ा आधार बताते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में लगभग एक तिहाई हिस्सेदारी एमएसएमई सेक्टर की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर को मजबूती देने के लिए पिछले आठ साल में सरकार ने बजट में 650 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोत्तरी की है। उन्होंने कहा कि भारत आज अगर 100 रुपये कमाता है तो उसमें 30 रुपए एमएसएमई सेक्टर से आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की अर्थव्यवस्था की गति को देखकर प्रभावित है और इस गति में बहुत बड़ी भूमिका एमएसएमई सेक्टर की है। इसलिए एमएसएमई आज माइक्रो इकनॉमी की मजबूती के लिए भी जरूरी है। आज भारत जितना निर्यात कर रहा है, उसमें बहुत बड़ा हिस्सा एमएसएमई का है।

## आंध्र प्रदेश में मजदूरों से भरे ऑटो पर गिरी बिजली की तार, पांच की मौत, सात जख्मी

**पुट्टपर्थी (सत्यसाई)।** आंध्र प्रदेश के श्री सत्यसाई जिले में गुरुवार को मजदूरों से भरे ऑटो पर हाईटेंशन बिजली का तार गिरने से पांच महिला मजदूरों की मौके पर मौत हो गयी, जबकि ऑटो ड्राइवर समेत सात लोग जख्मी हो गए। पुलिस के मुताबिक, तदिमरी मंडल के गुंडमपल्ली और पेद्दाकोटला गांव की 11 महिला मजदूर ऑटो से चिल्लाकोंडायपल्ली गांव के लिए निकले थे। ऑटो में ड्राइवर समेत कुल 12 लोग सवार थे। इसी दौरान ऑटो पर हाईटेंशन बिजली का तार टूटकर सड़क से गुजर रहे ऑटो पर गिर गया। ऑटो में भीषण आग लग गई। मृतकों की पहचान कुमारी (35), रत्नम्मा (35), रामुलम्मा (35), लक्ष्मी लक्ष्मीदेवी (32) और कंथम्मा (32) के रूप में हुई है। हादसे में जख्मी लोगों को आरडीटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## 18 जुलाई से शुरू होगा संसद का मानसून सत्र, विपक्ष सरकार को मुद्दों पर घेर सकता है

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक संसद का मानसून सत्र 18 जुलाई से शुरू होगा जो अगस्त के दूसरे हफ्ते (12 अगस्त) तक चलेगा। मालूम हो कि राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव भी 18 जुलाई को ही होने हैं। विपक्ष खासकर कांग्रेस के तेवरों से साफ है कि संसद का यह सत्र बेहद गर्म रहने वाला है। महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी की सरकार जाने से नाराज कांग्रेस, उद्धव गुट और राकांपा का संसद के मानसून सत्र में बेहद तल्ख और आक्रामक अंदाज सामने आ सकता है। कांग्रेस पहले से ही राहुल और सोनिया गांधी पर ईडी के रुख को लेकर आक्रामक मूड में है। कांग्रेस



मानसून सत्र में इन दोनों मुद्दों को लोकतंत्र को कुचले जाने का हवाला देकर उठा सकती है। वहीं सत्ता पक्ष भी उदयपुर में हुए बर्बर हत्याकांड को राज्य सरकार की विफलता के तौर पर गिना सकता है। कांग्रेस सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को लेकर विरोध कर रही है। संसद सत्र में विपक्ष इस योजना को उछाल कर सरकार पर हमले कर सकता है।

सख्ती | झंडे, कैंडी व गुब्बारे सहित 19 उत्पादों पर लागू होंगे नियम

# आज से देश में सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगेगा प्रतिबंध

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने जा रही है। इससे लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा असर पड़ेगा, लेकिन प्रदूषण और कचरा कम करने के लिए सरकार यह सख्त कदम उठाने को लेकर प्रतिबद्ध नजर आ रही है। सरकार पहले ही यह निर्देश दे चुकी है कि 30 जून 2022 से पहले स्टाक खत्म कर दिया जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर भारत और दुनिया में क्या है स्थिति, डालते हैं एक नजर।

प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों को पहली बार वर्ष 2011 में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया। इन नियमों में अपशिष्ट एकत्रित करने की जिम्मेदारी राज्य निगरानी समितियों की देखरेख में शहरी स्थानीय निकायों पर डाली गई। सिक्किम पहला राज्य है,



जिसने 1998 में राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया। सरकार द्वारा प्लास्टिक बैग की मोटाई के लिये एक मानक तय किया गया और खुदरा विक्रेताओं द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले बैग के लिये शुल्क वसूलना अनिवार्य कर दिया गया। प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए सार्वजनिक स्थलों, राष्ट्रीय संपदाओं, जंगलों और समुद्री तटों पर साफ-सफाई के अभियान आरम्भ किए गए हैं। इसके लिए पूरे देश में लगभग 100 स्मारकों को शामिल किया गया है।

केरल में सुचितवा मिशन ने एक परियोजना संचालित की। इसके तहत 28 मछुआरों को बंदरगाह से मछलियां पकड़ने के साथ प्लास्टिक कचरा निकालने की भी जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मिशन से 10 महीनों में 25 टन प्लास्टिक कचरे को बाहर निकालने में कामयाब मिली है। प्लास्टिक का उपयोग सड़क निर्माण में करना शुरू कर दिया है। पर्यावरण और पारिस्थितिकी विकास सोसायटी (सीईईडीएस) ने दिल्ली में प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए 'बीट प्लास्टिक प्रदूषण' नाम दिया गया है।

### इन 19 उत्पादों पर कल से प्रतिबंध

सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए जारी केंद्र के निदेर्शानुसार प्लास्टिक से बने 19 उत्पादों पर एक जुलाई से पाबंदी लग जाएगी। प्रतिबंधित हो रहे उत्पादों की सूची में झंडे, कैंडी, गुब्बारे, आइसक्रीम में लगने वाली प्लास्टिक स्टिक, थमाकोल से बनी प्लेट, कप, गिलास, चम्मच, कांटे, प्लास्टिक चाकू, तश्तरी के अलावा प्लास्टिक से बने मिठाई के डिब्बे, निमंत्रण-पत्र और सिगरेट पैकेट की पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाली फिल्म व 100 माइक्रान से कम के प्लास्टिक या बैनर शामिल हैं।

### कैट ने मांगा एक साल का समय

**व्यापारी संघ** कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को एक साल टालने की मांग की है। कैट ने पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर कहा है कि इस संबंध में एक समिति बनाई जाए। जिसमें सरकारी अधिकारी और हितधारकों के प्रतिनिधि होंगे और वे मिलकर सिंगल यूज प्लास्टिक का विकल्प ढूंढेंगे।

### दुनिया में कहां क्या प्रयास हुए

■ वनुआतू दुनिया का पहला देश, जिसने सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाई रोक।
■ जर्मनी, फिनलैंड, डेनमार्क और आस्ट्रेलिया के कुछ हिस्सों में प्लास्टिक की खाली बोतलें जमा करने पर दिए जाते हैं पैसे।




## संक्षिप्त-समाचार

### 170 ग्राम नशीले पदार्थों के साथ 1 काबू , मामला दर्ज

**सतपाल काला , डॉ. सुनील धीर, सुल्तानपुर लोधी।** सुल्तानपुर लोधी थाने की चौकी मोठांवाल में पुलिस पार्टी ने नशा विरोधी अभियान के तहत 170 ग्राम नशीले पदार्थ के साथ एक युवक को दबोचा है. पुलिस ने मामले में आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए सुल्तानपुर लोधी थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर जसमेल कौर ने बताया कि एएसआई बलबीर सिंह चौकी प्रभारी मोठांवाल चौकी मोठांवाल से तलवंडी माधो, लाटियांवाल, अहमदपुर छन्ना सहित अन्य गांवों तक कच्ची सड़क पर गश्त कर रहे थे कि पुलिस दल जैसे ही कुलारा के पास पक्की सड़क-टी प्वाइंट सड़क के पास पहुंचा तो मोटरसाइकिल नंबर पीबी-09-एबी-6885 हीरो हाडा पर एक युवक सामने से तलवंडी माधो सड़क की ओर एक कच्ची सड़क पर आता हुआ दिखाई दिया।एस ऐच ओ ने बताया कि इंद्रजीत कुमार निवासी सिधवा थाना सदर कपूरथला जिला कपूरथला के तौर पर शिनाख्त किए गए आरोपी के बारे जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताये बताया कि उसने पैंट की बायीं जेब मे से मोमी लिफाफा निकालकर सड़क के बायीं ओर घास में मोमी लिफाफा फेंक दिया, जिसके बाद पुलिस पार्टी ने युवक द्वारा फेंके गए लिफाफे की जांच की और उसके पास से 170 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया.गया । सुल्तानपुर लोधी थाने की पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 22-61-85 के तहत मामला दर्ज कर मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।.आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और उससे पूछताछ की जाएगी ,जिस से और भी खुलासे होने की संभावना है।

### एसडीएम ने किया सड़क का निरीक्षण

**हुमेश गोयल ,गिद्दड़बाहा।** पंजाब मंडी बोर्ड द्वारा कैनाल कालोनी रोड (सुआ रोड़) से पीपल वाले फाटक तक करीब 3 सप्ताह पहले बनी सडक के किनारों से टूटने संबंधी अखबारों में प्रकाशित समाचारों के बाद आज गिद्दड़बाहा के एसडीएम गगनदीप सिंह उक्त सडक का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे।इस मौके उनके साथ पंजाब मंडी बोर्ड के एसडीओ बलदेव सिंह और जेई अमित अरोड़ा भी मौजूद थे। इस मौके एसडीएम गगनदीप सिंह ने उक्त सडक के दोनों ओर बने बरम (सडक के दोनों ओर कच्चा रास्ता) की चौड़ाई संबंधी एसडीओ बलदेव सिंह से पूछा तो, उन्होंने बताया कि उक्त सडक मंडी बोर्ड के रिकार्ड अनुसार 27.6 फुट चौड़ी है, जिस पर बोर्ड द्वारा 10 फुट चौड़ी सडक और इसके दोनों ओर 3-3 फुट के बरम रखे गए हैं।एसडीएम गगनदीप सिंह ने एसडीओ बलदेव सिंह को हिदायत की कि वह उक्त सडक की चौड़ाई संबंधी अन्य विभागों से किये गये पत्र व्यवहार की जानकारी दें व साथ ही माल विभाग से उक्त सडक की चौड़ाई संबंधी रिकार्ड लेते हुए सडक के अवैध कब्जाधारियों से जमीन छुड़वाने के लिए चाराजोई करें। इस मौके एसडीओ बलदेव सिंह ने बताया कि उक्त सडक के दोनों किनारों पर बरम की चौड़ाई कम होने के कारण कुछ जगह से नई सडक क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसको ठीक करवा दिया गया है।

### विद्यार्थियों ने लगाया 2 दिवसीय ऐतिहासिक व धार्मिक टूर



हुमेश गोयल, गिद्दड़बाहा। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सरपरस्ती में चल रहे माता गुजरी पब्लिक स्कूल थेड़ी द्वारा विद्यार्थियों को 2 दिन के ऐतिहासिक व धार्मिक टूर पर श्री अमृतसर साहिब में ले जाया गया।इस दौरान विद्यार्थियों को श्री हरमंदिर साहिब, जलियांवाला बाग, अजायब घर आदि के दर्शन करवाए गए।इसके अलावा बच्चों को पुरातन संस्कृति की झलक दिखाता साड़ा पिंड भी दिखाया गया। इस अवसर पर मैडम मलकीत कौर, मैडम इन्द्रप्रीत शर्मा, मैडम गुरप्रीत कौर और गुरप्रीत सिंह आदि भी मौजूद थे।

### ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई



**हुमेश गोयल, गिद्दड़बाहा।** भयानक गर्मी के मद्देनजर गऊशाला के समीप स्थित साहिबजादा जुझार सिंह चौक मार्केट के समूह दुकानदारों द्वारा आज ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई।इस मौके सबसे पहले दुकानदारों द्वारा सरबत के भले के लिए अरदास की की और बाद में राहगीरों को ठंडा मीठा पानी पिलाया गया।इस मौके हरमंदर सिंह बराड़, वीरेंद्र सिंह गोगी, नरेन्द्र सिंह, गोपाल शर्मा, प्रदीप गोदारा, मनप्रीत मठाडू, मनप्रीत सिंह, गुरदर्शन सिंह ज्ञानी, रामजीत सिंह, बब्बू, राजू, प्रेम कुमार, हेम राज, राजा सिंह बुड्ढर, राजु गुरसर, जोनी, अमरीक सिंह बेदी, हरविंदर सिंह और इन्द्रजीत सिंह आदि भी मौजूद थे।

### पंजाब प्रदेशअग्रवाल सम्मेलन ने बंद रेलगाड़ी चलाने पर केंद्र सरकार का धन्यवाद किया



**सतपाल गर्ग, तपा/ संगरूर।** संसदीय उपचुनाव के दौरान तपा इलाके की मांग पर पंजाब प्रदेश अग्रवाल सम्मेलन ने जो रेल गाड़ीयां के ठहराव व कोरोना काल के बाद बंद हुई गाड़ीयां को दोबारा चालू करवाने के लिए भाजपा प्रत्याशी केवल सिंह ढिल्लों ,सीनियर भाजपा नेता नम्बरदार राज गर्ग बठिंडा और पुर्व मंत्री बलवीर सिंह सिद्धू को मांग पत्र दिया था जिसको लेकर तपा के लोगों की कुछ मांग को पूरा करते हुए दो गाड़ीयां पैसेंजर से मेल होकर 1जुलाई से चालू हो रही है जिनकी संख्या 04547 मेल जो अम्बाला से दोपहर 1बजे चल कर तपा स्टेशन शाम 4:27 पर आएगी जो 4:29 पर चल कर 5:50 बठिंडा पहुंचेगी !यही वापिसी गाड़ी संख्या 04548 मेल जो बठिंडा से सुबह 7:30 चल कर तपा 8:28 पहुंचेगी जो 8:30 से चल कर अम्बाला 11:40 दोपहर को पहुंचेगी इस के इलावा दो गाड़ीयां जो 12 जुलाई को शुरू होने जा रही है जिनकी गाड़ी संख्या 04519 मेल धुरी से सुबह 6:10 पर चल कर तपा 7:08पर पहुंचेगी जो 7:10 पर चल कर 8:20 बठिंडा पहुंच जाएगी और इसकी वापसी गाड़ी संख्या 04520मेल जो बठिंडा से शाम 5:55 चल कर तपा शाम 6:40 पर पहुंचेगी जो 6:42 से चल कर रात 11बजे अम्बाला पहुंच जाएगी ! इन गाड़ियों के चलाने पर पंजाब प्रदेश अग्रवाल सम्मेलन (रजि:)पंजाब के अध्यक्ष तरलोचन बांसल,सचिव सतपाल गर्ग ,तपा ब्रांच के अध्यक्ष भूषण घुडैला,चेयरमैन दीपक गर्ग, सचिव सुभाष कांसल ,राजिंदर लवली,रिंकू मौड,नेहरू कांसल,व तपा इलाके की समाजिक ,धार्मिक ,राजनैतिक संस्थाओं ने भाजपा नेताओं के साथ केंद्र सरकार का भी धन्यवाद करते हुए लोगों ने तपा स्टेशन पर जल्द से जल्द न रूकने वाली रेल गाड़ियों के ठहराव की भी मांग की है !

## जरा सोचो

### मेरा भारत महान जहां नुकसान भी है शान



डॉ. दलेर सिंह मुल्तानी
सिविल सर्जन (सेवानिवृत्त), पंजाब।

हमारे देश में बेरोजगार नौकरी तो चाहते हैं मगर नौकरी के लिए अपनी शर्तें भी रखते हैं।यह कहीं नहीं होता।शर्तें हमेशा नौकरी देने वाले की होती हैं फिर भले ही वह उद्यमी सरकार के रूप में हो या फिर निजी कंपनियों के रूप में।हां नौकरी ज्वाइन करो गर मुश्किलें पेश आती हैं या फिर सुविधाओं में कमी है तो नौकरी देने वाले से बातचीत के जरिये इसका समाधान ढूंढो मगर कभी जोर-जबरदस्ती न करो। अग्निपथ स्कीम एक स्वेच्छा स्कीम है इसमें जो भी अग्निवीर बनना चाहता है वह इस स्कीम के तहत ज्वाइन कर सकता है मगर अग्निवीर बनने के बजाय पूरे देश में रोष प्रदर्शन करना कहां तक उचित है या यू कहें कि राजनेता खासकर विपक्ष इस मुद्दे पर अपनी अपनी रोटियां सेकने में लगा है। यह सच है कि बेरोजगारी किसी एक सरकार का निकम्मापन नहीं है बल्कि आज तक की सारी सरकारों की कम दूरंदेशी और नालायकी होना है।मेरी गुजारिश है देश के इन नेताओं से कि होश करो और आम जनता को शांति से रहने दो और नौजवान बेरोजगारों को समझाओ न कि उन्हें देश की संपत्ति का नुकसान करने के लिए उकसाओ नहीं तो कल इस का खामियाजा पूरे देश को भुगतना पड़ेगा।

## पंजाब विधानसभा में अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रस्ताव पारित

# किराये पर भर्ती की फौज दुश्मनों का डटकर मुकाबला नहीं कर सकती : भगवंत मान

■ भाजपा नेताओं को स्कीम की वकालत करने से पहले अपने पुत्रों को अग्निवीर के तौर पर भर्ती करने की चुनौती



भुपेंद्र शर्मा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब विधान सभा ने आज प्रस्ताव पास करके भारत सरकार को देश के बड़े हित में अग्निपथ स्कीम तुरंत वापिस लेने की अपील की है। यह ऐतिहासिक पहल करने वाला पंजाब पहला राज्य है।इस संबंधी वीरवार को सदन में प्रस्ताव पेश करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि हथियारबंद फौजों में अग्निपथ स्कीम शुरू करने के भारत सरकार के एकतरफा ऐलान से पंजाब समेत देश भर में बड़े स्तर पर रोष पैदा हुआ। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव में कहा, पंजाब विधान सभा शिद्दत से यह महसूस करती है कि सिर्फ़ चार सालों के लिए नौजवानों को नौकरियाँ देने और इनमें से भी सिर्फ़. 25 प्रतिशत की नौकरी ही बरकरार रहने वाली यह स्कीम न तो देश की जवानी और न ही राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में है।

इस नीति से जीवन भर देश की हथियारबंद सेना में सेवा करने के इच्छुक नौजवानों में बेचैनी पैदा होने की संभावना है।मुख्यमंत्री ने सदन को यह याद करवाते हुए कहा कि देश की हथियारबंद फौजों में पंजाब के लगभग एक लाख से अधिक सैनिक सेवा कर रहे हैं और इनमें से कई हर साल देश की सरहदों की सुरक्षा के लिए बलिदान देते हैं। अपने साहस और बहादुरी के लिए दुनिया भर में जाने जाते पंजाब के नौजवानों के लिए भारतीय हथियारबंद फौजों में सेवा करना गर्व और सम्मान का प्रतीक है।इस स्कीम ने पंजाब के उन नौजवानों के सपनों को तहस-नहस कर दिया है, जो रेगुलर फौजियों के तौर पर हथियारबंद दस्तों में शामिल होना चाहते थे।मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस स्कीम ने हथियारबंद दस्तों की रिवायत रही वफादारी और मान- सम्मान की भावना को भी कमजोर किया है। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव में कहा, इन हालतों के मद्देनजर पंजाब विधान सभा केंद्र सरकार को अग्निपथ स्कीम तुरंत वापिस लेने की पुरजोर अपील करती है।

## PGI IMPORTANT ENQUIRY NUMBERS

| | |
|---|---|
| Emergency Enquiry (24 hrs) :- | 0172-2746018<br>0172-2746565<br>0172-2756464 |
| **Enquiry** | |
| Advanced Trauma Centre – 24 hrs :- | 0172-2755454 |
| Advanced Pediatric Centre- 24 hrs :- | 0172-2755858 |
| Advanced Cardiology Center- 24 hrs:- | 0172-2755353 |
| Advanced Eye Center(7am to 3pm) :- | 0172-2755252 |
| Nehru Hospital Enquiry(8am to 5pm):- | 0172-2755656 |
| Opd Enquiry (7am to 4pm):- | 0172-2756868<br>0172-2756969 |

### कर्मचारियों की सेवाएं रेगुलर करने के लिए तीन सदस्यीय कैबिनेट कमेटी का गठन

**चंडीगढ़।** ठेके के आधार पर सेवाएं निभा रहे सभी योग्य कर्मचारियों को रेगुलर करने के लिए अपनी सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज तीन सदस्यीय कैबिनेट कमेटी के गठन का ऐलान किया है, जो इस सम्बन्ध में नए बिल को पास करने के लिए सभी कानूनी अड़चनें दूर करेगी।यह कमेटी कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा, गुरमीत सिंह मीत हेयर और हरजोत सिंह बैंस पर अधारित है। पंजाब विधान सभा के सदन में यह ऐलान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ठेके के आधार पर सेवा निभा रहे कर्मचारियों, एडहॉक, डेली-वेजिज, वर्कचार्ज और अस्थायी आधार पर काम कर रहे कर्मचारियों की सेवाएं रेगुलर करने के प्रति पूरी संजीदा है।इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंधी साल 2016 में बनाया गया कानून अदालती प्रक्रिया अधीन है और साल 2021 में लाए एक अन्य बिल को पंजाब के राज्यपाल की मंजूरी का इन्तजार है।

### अब पेट्रो कार्ड से मंत्रियों की गाड़ियों में भरा जाएगा तेल

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने कैबिनेट मंत्रियों को मिली गाड़ियों के लिए पेट्रो कार्ड/फ्लीट कार्ड की सुविधा शुरू की है।वित्त विभाग ने इसकी सुविधा शुरू करने की मंजूरी दे दी है।राज्य परिवहन आयुक्त कार्यालय ने मंत्रियों के साथ चलने वाले ड्राइवरों को हिदायत दी है कि वह पेट्रोल पंप पर पेट्रो कार्ड की सुविधा उपलब्ध होने पर ही गाड़ी में तेल डलवाएंगे। पंप से मिली कंप्यूटराइज्ड पर्ची पर गाड़ी का नंबर अनिवार्य रूप से लिखवाएं, अपने पेट्रोल/डीजल के बिल लॉगबुक भरने के बाद हर महीने की पांच तारीख तक पंप से मिली दोनों पर्ची कंप्यूटराइज्ड और मैनुअल समेत पूर्ण रूप से मुकम्मल और सत्यापन करवाकर जमा करवाएं।साथ ही समरी शीट पर रकम के साथ-साथ पैसे भी लिखें। ड्राइवरों से कहा गया है कि किसी भी महीने का बिल निश्चित तारीख तक ना जमा होने की सूरत में पेट्रो कार्ड को ब्लॉक कर दिया जाएगा और पेट्रो कार्ड के खो जाने की सूरत में ड्राइवर से पैसे जमा करवाए जाएंगे।

### ऑनलाइन रिकार्ड के इन्द्राज करवाने के लिए पटवारियों का अंगूठा लगाने की मांग



हुमेश गोयल

**गिद्दड़बाहा,** भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर के ब्लाक प्रधान गोरा सिंह खालसा, जिला संयुक्त सचिव कुलदीप सिंह नेता कोटभाई और नानक सिंह ने सिविल प्रशासन व माल विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि सम्बन्धित गांवों के पटवारी को ही ऑनलाइन रिकार्ड के इन्द्राज करवाने के लिए कम्प्यूटर पर अपना अंगूठा लगाने के अधिकार देने चाहिए, ताकि जमीन के मालिक किसानों को परेशानी से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि उक्त अधिकार तहसीलदार व नायब तहसीलदार के पास होने के चलते किसानों को माल विभाग के कामों के लिए इंतजार करना पड़ता है और दोनों ही अधिकारी के पास माल विभाग की बड़े जिम्मेवारियां होने के कारण उक्त काम के लिए समय कम निकलता है।

इस मौके ठाना सिंह, जगमीत सिंह, चन्द्र सिंह ढिल्लों, धर्म सिंह, बलदेव सिंह, सुखचैन सिंह और वकील सिंह आदि भी मौजूद थे।

## जलकुंभी की बूटी हर बार बनती है बाढ़ का मुख्य कारण : संत सीचेवाले

**डॉ. सुनील धीर, सतपाल काला**

**सुल्तानपुर लोधी ।** पर्यावरणविद् संत बलबीर सिंह सीचेवाल भक्तों के साथ जलकुंभी घास को हटाने के लिए काम कर रहे हैं जो मानसून के दौरान बाढ़ का मुख्य कारण है।कपूरथला के उपायुक्त श्री विशेष सारंगल ने स्थिति का जायजा लेने के लिए सुल्तानपुर लोधी के गुरुद्वारा बेर साहिब का दौरा किया। पिछले एक साल के दौरान हुई भारी बारिश के कारण सुल्तानपुर लोधी में बहने वाली 165 किलोमीटर लंबी बाबा नानक की वेब नदी में जलस्तर बढ़ गया था ।

इससे कई जगह किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ और कई जगह खेतों में पानी भर गया। यह देख संत सीचेवाल जी सेवादारों के सहयोग से बारिश से पहले से ही मशीनों और नावों की सहायता से बूटी निकालने का कार्य कर रहे हैं। मशीनों और नावों में पाए जाने वाले तेल को पंजाब ड्रेनेज



विभाग द्वारा सेवित किया जा रहा है।इस अवसर पर संत सीचेवाल ने कहा कि यह बूटी मानसून के दौरान बाढ़ का मुख्य कारण होता है।इस बूटी से पानी की रुकावट से हर बार किसानों की फसल को भारी नुकसान होता है।

उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों से अपील की कि सुल्तानपुर लोधी के बायें किनारे पर बने पुलों को वहां ले जाने की बजाय हटा दें। उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर लोधी में वेईं पर 3 पुल हुआ करते थे, जिनमें से बूटी निकालना आसान था लेकिन 550 वर्षों में इन 3 पलटन पुलों के कारण 4 नए पुलों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है।यह और अधिक कठिन हो गया है। इस अवसर पर डीसी विशेष सारंगल ने कहा कि पर्यावरणविद् पद्मश्री संत बलबीर सिंह सीचेवाल जी पिछले कई वर्षों से गुरु की नगरी सुल्तानपुर लोधी के सौंदर्यीकरण के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि उनके द्वारा किए जा रहे सभी कार्य हमें प्रेरित करते हैं कि अगर नीयत साफ हो तो कुछ पैसे से काम किया जा सकता है।उन्होंने इस अवसर पर आश्वासन दिया कि वे संत सीचेवाल जी द्वारा किए जा रहे समाज कल्याण कार्यों में हर संभव सहयोग देंगे, ताकि पर्यावरण को हरा-भरा और स्वच्छ रखा जा सके। इस मौके पर सुल्तानपुर लोधी के एसडीएम रणदीप गिल, तहसीलदार सुल्तानपुर लोधी, एक्सियन हरजोत सिंह ड्रेनेज विभाग, एसडीओ गुरचरण सिंह पन्नु, अमृतपाल सिंह, दया सिंह, कमरजीत सिंह, शेर प्रताप पन्नू, विक्की पंढेर आदि मौजूद थे।

## सिंगापुर से अमृतसर पहुंची फ्लाइट में बम की सूचना से हड़कंप

■ लैंड करवाते ही शुरू हुआ सर्च आपरेशन

दर्पण न्यूज सर्विस

**अमृतसर।** सिंगापुर से वीरवार सायं आई स्कूट एयरलाइन की फ्लाइट में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद फ्लाइट जब श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंची तो उसे तुरंत सीआइएसएफ की टीमों ने घेर लिया।फ्लाइट लैंड होने से कुछ देर पहले ही किसी अज्ञात व्यक्ति ने एयरपोर्ट डायरेक्टर वीके सेठ को फोन कर बताया कि फ्लाइट में बम है। इसके तुरंत बाद एयरपोर्ट अथारिटी हरकत में आ गई और सुरक्षा एजेसियों व बम स्क्वायड टीम को एक्टिव कर दिया।इसके बाद जैसे ही फ्लाइट लैंड हुई सुरक्षा एजेसियों ने फ्लाइट घेर लिया और तुरंत यात्रियों को बाहर निकाला गया। इसके बाद सीआइएसएफ और बम स्क्वायड टीम ने फ्लाइट की सर्च शुरू कर दी। सर्च आपरेशन जारी है। एयरपोर्ट डायरेक्टर वीके सेठ ने बताया कि फिलहाल सुरक्षा दस्ता सर्च कर रहा है।धमकी भरी काल आई थी।उसे भी वेरिफाई किया जा रहा है, इसलिए सब कुछ क्लियर होने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

सर्च आपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को कुछ मिला या नहीं इस संबंध में अभी कोई भी अफसर कुछ नहीं बता रहा है।बता दें, अमृतसर एयरपोर्ट पर इससे पहले भी कई बार ऐसी सूचनाएं मिलती रही हैं। हालांकि अधिकांश बार यह सूचनाएं गलत साबित हुई हैं।

बम की सूचना को सुरक्षा एजेंसियां हलके में नहीं ले रही।फ्लाइट की पूरी तरह से जांच पड़ताल की जा रही है।यात्रियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।हालांकि अभी तक कोई सामग्री संदिग्ध मिलने की सूचना नहीं मिली है।इसके अलावा किसी संदिग्ध के मिलने की भी सूचना नहीं है।

### मूसेवाला हत्याकांड: शूटरों को हथियार पहुंचाने वाला फॉर्च्यूनर समेत गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के हत्यारों को हथियार पहुंचाने के आरोपी सतवीर को फॉर्च्यूनर समेत पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके तीन साथी फरार हो गए हैं।सतवीर अमृतसर के गांव तलवंडी राय दादु का रहने वाला है। उसके पास से देसी कट्टा व दो कारतूस भी मिले हैं।वह साथियों समेत विदेश भागने की फिराक में था।मामले में एक ब्लॉक विकास अधिकारी का नाम भी सामने आया है। उसकी भूमिका की जांच की जा रही है। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस कमिश्नर डॉ. कौस्तुभ शर्मा के मुताबिक सतवीर सिंह ने ही अपनी कार में शूटरों को असलहा सप्लाई किया था।हत्याकांड के बाद अमृतसर निवासी संदीप काहलों उर्फ सोना ने उसे देसी कट्टा व कारतूस देकर कहा था कि सिद्धू मूसेवाला को हमने मरवा दिया है।तुम यह हथियार अपने बचाव के लिए रख लो।

## 300 यूनिट मुफ्त बिजली को लेकर अभी करना पड़ सकता है इंतजार

■ पावरकाम को नहीं जारी हुआ सर्कुलर

दर्पण न्यूज सर्विस

**चंडीगढ़।** सरकार ने एक जुलाई से लोगों को तीन सौ यूनिट प्रति महीना बिजली फ्री देने की बात कही है। एक जुलाई से लोगों को फ्री बिजली मिलती है या नहीं, यह आने वाला समय बताएगा। फिलहाल पावरकाम के पास फ्री बिजली देने का सर्कुलर जारी नहीं हुआ है।न ही पटियाला हेड आफिस ने राज्य के विभिन्न सर्कल को सर्कुलर भेजा है। उपभोक्ता एक जुलाई से फ्री बिजली मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

एक जुलाई से फ्री बिजली का सर्कुलर जारी नहीं होता है तो उपभोक्ता को पुराने टैरिफ के आधार पर ही बिजली बिल का भुगतान करना होगा। हेड आफिस पटियाला को दो दिन पहले सर्कुलर जारी कर देना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ है।राज्य के पावरकाम के सर्किल फ्री बिजली देने का सर्कुलर का इंतजार कर रहे है।

नार्थ जोन के चीफ इंजीनियर दविंदर कुमार शर्मा ने कहा कि तीन सौ यूनिट फ्री बिजली का सर्कुलर अभी नहीं मिला है। सर्कुलर मिलते ही उपभोक्ता को तीन सौ यूनिट फ्री बिजली मिलनी शुरू हो जाएगी।

बता दें कि संगरूर लोकसभा उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी गुरमेल सिंह घराचों के हक में चुनाव प्रचार करने पहुंचे आप प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी रोड शो के दौरान घोषणा की थी कि एक जुलाई से पंजाब में 300 यूनिट मुफ्त बिजली योजना शुरू हो जाएगी। लेकिन पावरकाम को अभी तक कोई भी सरकार की ओर से सर्कुलर जारी नहीं हुआ है। जिसको लेकर उपभोक्ताओं को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है।

### पीयू को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने के खिलाफ प्रस्ताव पास

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा में गुरुवार को चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने के केंद्र सरकार के प्रयासों के खिलाफ प्रस्ताव भाजपा के दोनों विधायकों के विरोध के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इस प्रस्ताव का सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के अलावा कांग्रेस, अकाली दल और निर्दलीय सदस्य ने भी समर्थन किया।विधानसभा में पारित यह प्रस्ताव अब केंद्र सरकार के समक्ष उठाने के लिए भेजा जाएगा।विधायकों ने कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी पंजाब की विरासत है।सदन में प्रस्ताव पेश करते हुए उच्च शिक्षा एवं भाषाएं संबंधी मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि पीयू को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देकर पंजाब से छीनने का प्रयास चिंताजनक है।उन्होंने कहा कि जब भारत-पाक का विभाजन हुआ तब देश के अन्य राज्यों के लिए भले ही यह दो देशों का गठन था लेकिन 10 लाख पंजाबियों ने इस बंटवारे में अपनी जान गंवाई। केवल जानें ही नहीं गंवाईं, हमारी ऐतिहासिक धरोहरें भी वहां रह गईं।

## मार्था ने अपना पूरा करियर बेदाग और अनुशासन से पूरा किया : डॉ. रवींद्रपाल



**डॉ. सुनील धीर ,सतपाल काला**

**सुल्तानपुर लोधी ।** मार्था, जो सिविल अस्पताल सुल्तानपुर लोधी में स्टाफ नर्स के रूप में ड्यूटी पर थीं, को उनकी सेवानिवृत्ति पर अस्पताल के सभी कर्मचारियों द्वारा उनके सम्मान में एक शानदार विदाई पार्टी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविंदरपाल शुभ की देखरेख में आयोजित समारोह के दौरान स्टाफ नर्स श्रीमती मार्था को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर एसएमओ डॉ रविंदरपाल शुभ ने कहा कि स्टाफ नर्स मार्था ने अपनी पूरी सेवा बेदाग और अनुशासन के साथ पूरी की। ड्यूटी के दौरान नियमित और समय से पहले पहुंचना उनकी खासियत थी। अस्पताल में काम करते हुए उन्होंने अपने सीनियर को अपने काम से कभी निराश नहीं किया।

साथ ही फील्ड में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ उनका पारिवारिक संबंध बना रहा, जिसका फायदा विभाग को भी मिला।उनके अच्छे समन्वय के कारण सभी विभागीय योजनाएं सफल रहीं। उनके जाने पर, उन्हें उनके सहयोगियों द्वारा फूलों का गुलदस्ता और उपहार भेंट किए गए। सिस्टर मार्था ने विभाग के लिए उनकी बेदाग सेवा की प्रशंसा की।स्टाफ सदस्यों ने बताया कि विभाग में ड्यूटी के दौरान वह अपने सहयोगियों के बीच लोकप्रिय होने के साथ-साथ अपने अच्छे व्यवहार के कारण लोगों के बीच अच्छी पहचान बनाए रखती थीं। सभा को संबोधित करते हुए, सिस्टर मार्था ने विभाग और सभी कर्मचारियों के समर्थन के लिए सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि वह अपने कर्मचारियों के साथ बिताए दिन को कभी नहीं भूल सकतीं। वह सदैव अपने साथियों के ऋणी रहेंगे।इस अवसर पर डॉ. राहुल सभरवाल, डॉ. जसप्रीत सिंह अटवाल, धीरज वशिष्ठ, डॉ. आशीष सराफ, डॉ सुखविंदर कौर, डा स्वाति, डॉ. गुरविंदर कौर, डॉ. नवनीत कौर, अस्पताल के स्टाफ में हरप्रीत कौर, डॉ. पुनीत कौर, कुलविंदर कौर, जीवनजोत, सिस्टर सीता, सीनियर रेडियोग्राफर मेहर सिंह, सनी सहोता, गुरविंदर सिंह, हरसिमरन सिंह, अमन कुमार, अजीतपाल और सिस्टर मार्था का परिवार भी मौजूद था।

## बरसात ने डेराबस्सी नपा के दावों की खोली पोल

विनय कुमार जैन

**डेराबस्सी।** मॉनसून की पहली बारिश ने शहर के वर्षा जल निकासी व्यवस्था के दरवाजे खोल दिए हैं। जिससे डेराबस्सी शहर में कई जगहों पर बारिश का पानी भर गया है जहां गलियों में पानी जमा हो गया है. जिससे लोगों के घरों में बारिश का पानी भर गया है और काफी नुकसान भी हुआ है. जिससे शहर के गुलाबगढ़ रोड, मैं बाजार डेरा बस्सी, आशियान कॉलोनी, गुलमोहर सिटी, रामलीला मैदान समेत कई जगहों पर बाढ़ से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा. भारी बारिश से लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर गया।

स्थानीय लोगों ने कहा कि कांग्रेस और अब आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद भी शहर की जल निकासी व्यवस्था में कोई अंतर नहीं आया। उन्होंने कहा कि बार-बार ड्रेनेज व्यवस्था की शिकायत करने के बाद भी नगर परिषद और प्रशासन ने



कोई सुनवाई नहीं की, जिससे भारी बारिश के बाद शहर की सड़कें पोखर में बदल गईं। इस बारे में नगर परिषद के अध्यक्ष रंजीत सिंह रेड्डी से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अंबाला चंडीगढ़ रोड राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे का नाला बाजार से ऊंचा था, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई लेकिन पानी को बाहर निकाल दिया गया। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए रात में भी बारिश का पानी इकट्ठा करने के लिए एक टीम गठित की गई है जो रात भर शहर के कोने-कोने पर नजर रखेगी।

दैनिक सिटी दर्पण आईना सच का
नवोन्मेषकः स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापक : सतपॉल शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज़ प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड प्रेस, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला - 134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एवं 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर संपादक की सहमती हो अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।

स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40 ए, चंडीगढ़।
संपर्कः 7888450261
Email:
citydarpan1@gmail.com

JKM Welfare Foundation

# अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव की तरह श्री कृष्ण उत्सव भी मनाया जाएगा : मनोहर लाल

## कुरुक्षेत्र महाभारत की धरती के अलावा विश्व में गीता की अवस्थली के रूप में जाना जाएगाः डॉ मोहन भागवत

■ गीता किसी एक धर्म का ग्रंथ नहीं बल्कि यह संपूर्ण दुनिया को मानवता का सार देने वाला ग्रंथ है : डॉ मोहन भागवत



**भुपेंद्र शर्मा**

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने कहा कि सृष्टि की समस्याओं का उत्तर देने वाला और संपूर्ण मानवता की समस्याओं का समाधान करने वाला तथा कभी फीका न पड़ने वाला सुख का ज्ञान श्रीमद्भगवद्गीता में है, जिसे हर मानव जाति को समझने की जरूरत है। गीता के इस ज्ञान के कारण ही धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र महाभारत की धरती के अलावा सबसे विश्व में गीता की अवस्थली (लैंड ऑफ गीता) के रूप में जाना जाएगा। डॉ. मोहन भागवत आज कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर स्थित गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित भगवत गीता की वर्तमान प्रासंगिकता पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल और गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

डॉ मोहन भागवत ने कहा कि गीता किसी एक धर्म का ग्रंथ नहीं है बल्कि यह संपूर्ण दुनिया को मानवता का सार देने वाला ग्रंथ है। हिंदू परंपरा को यद्यपि गीता मिली है लेकिन उस पर किस प्रकार का कोई पेटेंट नहीं है, यह तो विश्वधर्म है। उन्होंने कहा कि सृष्टि में जब तक मानव जाति विद्यमान है तब तक गीता की प्रासंगिकता रहेगी। 5155 साल पहले इस भूमि पर इन बातों को बताया गया। इस ढंग से सृष्टि की समस्याओं का उत्तर देने वाला, सारी मानवता की समस्याओं का समाधान निकालने वाला ज्ञान गीता में है।

### गीता एक जीवन विद्या है

उन्होंने कहा कि गीता हमें सिखाती है कि जीवन में जो भी कार्य करो वह बिना किसी द्वेष और दुश्मनी के करो। अपने कर्तव्यों का निर्वहन निर्मल मन से करने का ज्ञान इस शास्त्र में है, यानी गीता एक जीवन विद्या है। उन्होंने कहा कि आज हम देख रहे हैं कि सृष्टि का संतुलन बिगड़ गया है इसे संतुलित करने की आवश्यकता है। आज जगह-जगह कट्टरता दिखाई दे रही है। आपस में विश्वास खोता जा रहा है। देशों में लड़ाइयां देखने को मिल रही हैं, हालांकि भारत में यह कम देखने को मिलता है, क्योंकि भारत की संस्कृति में गीता है। यह इसलिए हो रहा है क्योंकि मनुष्य का मन संकुचित हो रहा है। वह अपने आप को अमर्यादित कर रहा है, जात पात और पंथ व संप्रदाय में स्वयं को विभाजित कर रहा है। संपूर्ण मानवता की एकता की बात तो करता है लेकिन मन में गुटबाजी की भावना संलिप्त होती है। इसे दूर करने की आवश्यकता है, जिसका ज्ञान हमें श्रीमद्भगवद्गीता से मिलता है। उन्होंने कहा कि गीता में कहा गया है कि समस्याओं से भागो मत उनका सामना करो। इसलिए अपनी बुद्धि को स्थिर करो। इसका ज्ञान गीता के 12वें अध्याय में मिलता है, जिसमें बताया गया है कि आचरण कैसा होना चाहिए।

# हरियाणा 'इज ऑफ डूईंग बिजनेस' में भी बना टॉप रैंकड

■ डिप्टी सीएम ने दी बधाई

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के लिए औद्योगिक क्षेत्र में आज सौगातों भरा दिन रहा। एमएसएमई के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए भारत सरकार द्वारा जहां प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल हुआ है, वहीं वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी स्टेट इज ऑफ डुईंग बिजनेस के पांचवें संस्करण में हरियाणा को टॉप अचीवर्स कैटेगरी में होने की घोषणा की गई। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जिनके पास वाणिज्य एवं उद्योग विभाग का प्रभार भी है, ने हरियाणा सरकार की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए विभाग तथा उद्यमियों को बधाई दी है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा उद्योग एवं आंतरिक व्यापार के प्रोमोशन के लिए गठित विभाग (डीपीआईआईटी) स्टेट इज ऑफ डुईंग बिजनेस का पांचवां संस्करण नई दिल्ली में आज भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में जारी किया। इसमें हरियाणा को टॉप अचीवर्स कैटेगरी में होने की घोषणा की गई। इस कैटेगरी में हरियाणा के अलावा टॉप अचीवर्स कैटेगरी में आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना शामिल है।

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव विजयेंद्र कुमार ने बताया कि डीपीआईआईटी ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के समन्वय से देश में कारोबारी माहौल में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इन सुधारात्मक कदमों के कार्यान्वयन और फीडबैक के आधार पर रैंक किया गया है।


दैनिक सिटी दर्पण

पत्रकारों की आवश्यकता

हरियाणा प्रदेश के सभी जिला तथा ब्लॉक स्तर पर अनुभवी पत्रकारों की अवश्यकता है



शिव कुमार शर्मा
हरियाणा प्रभारी

संपर्क करें
9996946501


## तीन महीने बाद कोरोना संक्रमित की मौत, 26 नए मरीज मिले

**हिसार।** हरियाणा के हिसार जिले में कोरोना संक्रमण फिर से जानलेवा साबित होने लगा है। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन के अनुसार 26 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। वहीं मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में भर्ती डाया गांव की रहने वाली 26 वर्षीय महिला प्रसव के बाद संक्रमित मिली और एक दिन बाद उसकी मौत हो गई। जिले में अब तक 1180 मरीजों की मौत हो चुकी है।

## बेटियों के सुखद भविष्य के लिए खुलवाएं सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता

**संभालू जिंदल**

**गुहला-चीका।** एसडीएम नवीन कुमार ने बताया कि बालिकाओं के सुखद भविष्य के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा शुरू की गई सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं का किसी भी डाकघर या बैंक में खाता खुलवाया जा सकता है।



माता-पिता द्वारा इस खाते में जमा धनराशि से बालिका के भविष्य को समृद्ध बनाने मददगार साबित होगी। एसडीएम ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देने के लिए सरकार द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना को शुरू की गई है। इस योजना के तहत किसी भी डाकघर या बैंक में कम से कम 250 रुपये में खाता खोला जा सकता है। सुकन्या समृद्धि खाते में एक वर्ष में अधिक से अधिक एक लाख 50 हजार रुपये जमा करवाए जा सकते हैं। सरकार द्वारा जमा राशि व परिपक्वता राशि पर इनकम टैक्स में छूट दी गई है। एसडीएम ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटी की आयु 18 वर्ष की होने के बाद जब भी शादी करें, खाता बंद करवा सकते है। विवाह से एक माह पहले या तीन महीने बाद तक खाता बंद करवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत माता-पिता अपनी बेटी की शिक्षा, शादी हेतु थोड़ा-थोड़ा करके पैसा जमा करवाकर चक्रवृद्धि ब्याज पर पैसा जोड़ सकते है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत दसवीं की परीक्षा पास करने तथा 18 वर्ष की आयु होने पर लडकी की पढ़ाई/शिक्षा के लिए आधा पैसा भी निकाल सकते हैं। शेष राशि लड़की की आयु 21 वर्ष होने उपरांत शादी के समय निकाली जा सकती है। इस योजना के तहत खाता खुलवाने के लिए आवेदन पत्र के साथ बेटी का जन्म प्रमाण पत्र, माता या पिता का फोटो, आईडी तथा रिहायशी प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

## राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 26 पंचकूला को मिला प्रथम पुरस्कार

**पंचकूला।** हरियाणा के राजकीय विद्यालयों में स्वच्छता के संबंध में कराए गए सर्वेक्षण में पंचकूला सेक्टर 26 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (प्राइमरी सेक्शन) को पूरे जिले में ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं स्वच्छ शौचालय सर्वेक्षण में विद्यालय के सेकेंडरी सेक्शन को प्रथम स्थान मिला है। पंचकूला सेक्टर 21 स्थित दून पब्लिक विद्यालय में बुधवार को आयोजित राज्य स्तरीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने विद्यालय के प्रिंसिपल संजीव अग्रवाल, वाइस प्रिंसिपल नीलम शर्मा और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेमपाल मौर्य को यह पारितोषिक प्रदान करते हुए विद्यालय की प्रशंसा की। समारोह में एडीसी, जिला शिक्षा अधिकारी उर्मिला देवी, मौलिक जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल आदि अधिकारी गण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भगवद्गीता सर्वधर्म का ग्रंथः बंडारू दत्तात्रेय

**सिटी दर्पण सर्विस**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता सर्वधर्म का ग्रंथ है जो पूरी मानवता को जीवन जीने का सार सिखाता है। कुरुक्षेत्र को गीता के संदेश के केंद्र के रूप में जाना जाता है, मुझे विश्वास है कि आने वाले दिनों में केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों से ऐतिहासिक, धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से कुरुक्षेत्र की पहचान विश्व मानचित्र पर बनेगी।



बंडारू दत्तात्रेय आज कुरुक्षेत्र में स्थित गीता ज्ञान संस्थानम में भगवत गीता की वर्तमान प्रासंगिकता पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल और गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। इससे पूर्व, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने वर्चुअल माध्यम से कुरुक्षेत्र में ज्योतिसर की पावन धरा पर भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप की प्रतिमा का लोकार्पण हुआ। बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि प्रदेशवासियों के लिए बड़े सौभाग्य व खुशी की बात है कि इस विराट स्वरूप की प्रतिमा का नींव पत्थर डॉ मोहन भागवत के द्वारा ही रखा गया था और आज 3 साल के बाद उन्हीं के कर कमलों से इस प्रतिमा का लोकार्पण भी किया गया है। ज्योतिसर की इसी पावन धरा पर युद्ध के मैदान में उनके द्वारा अर्जुन को दिया गया संदेश मानवता का युगो-युगों तक मार्गदर्शन करता रहेगा।

# एचसीएस और अलायड सर्विस के 95 नए पद भरने की मंजूरी

**सिटी दर्पण सर्विस**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में बेरोजगारों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए राहत की खबर है। हरियाणा सरकार ने एचसीएस और अलायड सर्विस के 95 नए पद भरने की मंजूरी प्रदान की है। नए पदों में सबसे अधिक नायब तहसीलदार के 35, एईटीओ 13 और एसचीएस (कार्यकारी शाखा) 10, बीडीपीओ 8 और डीएसपी के 6 पदों समेत अन्य विभागों के पद शामिल हैं। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने इस पर मुहर लगाकर हरियाणा लोक सेवा आयोग को इन पदों को भरने के लिए प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा है।

हरियाणा सरकार के पास विभिन्न विभागों की ओर से इन पदों की मांग की गई थी। मुख्य संजीव कौशल ने इन पदों को स्वीकृत करते हुए इनको भरने के लिए प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा है। अब हरियाणा लोक सेवा आयोग इन पदों के लिए आवेदन मांगेगा। कुल 95 पदों में सामान्य वर्ग के लिए 51, अनुसूचित जाति के लिए 18, बीसी (ए) के लिए 10, बीसी(बी) के 5, ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 7 पद आरक्षित हैं। इनमें सबसे अधिक पद ए क्लास नायब तहसीलदार के 35 पद हैं, जिनमें से सामान्य वर्ग के 15, एससी के 7, बीसीए 4, बीसीबी 3 और ईडब्ल्यूएस के 5 पद हैं।

एईटीओ के 13 पदों में से 10 सामान्य वर्ग, 2 एससी व 1 पद बीसीए वर्ग के लिए आरक्षित है। एचसीएस (कार्यकारी शाखा) के कुल 10 पदों में सामान्य वर्ग के 7, एससी 2 व ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 1 पद है। इसी प्रकार, बीडीपीओ के 8 पद सामान्य वर्ग के लिए हैं। कुल 6 डीएसपी के लिए 3 सामान्य वर्ग, 2 एससी और 1 पद ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आरक्षित है। इनके अलावा, एईओ 6, ईटीओ 4, ए क्लास तहसीलदार 4, टीएम 3, डीएफएससी 2, डीएफएसओ 2 और एआरसीए के 2 पद शामिल हैं।

**156 पदों के लिए 24 जुलाई को होनी है परीक्षा**

चंडीगढ़। हरियाणा लोक सेवा आयोग की ओर से एचसीएस (कार्यकारी शाखा) और एलायट सर्विस के 156 पदों पर लिखित परीक्षा होनी है। आयोग की ओर से इन पदों के लिए फरवरी 2021 में आवेदन मांगे गए थे। आयोग के उप सचिव अनिल नागर के भ्रष्टाचार के मामले में फंसने के कारण परीक्षा को स्थगित कर दिया गया था। अब आयोग नए सिरे से इस परीक्षा को आयोजित कराएगा। गौर हो कि हाल ही में एचपीएससी में कृषि विभाग में कृषि विकास अधिकारी के 700 पदों पर आवेदन मांगे हैं। 29 जून से 19 जुलाई तक इन पदों के लिए आवेदन किया जा सकेगा।

## स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

**ममता कश्यप, इंद्री।** जिला पुलिस करनाल के थाना इन्द्री की टीम द्वारा मारपीट करके मोबाइल फोन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इस वारदात के दिनांक 24 जून 2022 को थाना इन्द्री में एक शिकायत दी। जिसमें शिकायकर्ता प्रीतम सिंह पुत्र घीसूराम वासी गांव पिलाना जिला रोहतक ने बताया कि वह राजकिय माध्यमिक विधालय छपरियों में मुख्याध्यापक के पद पर कार्यरत है और पिछले काफी समय से इन्द्री के वार्ड न0.1 में रह रहा है। दिनांक 24 जून 2022 को वह सुबह के समय सैर करके कच्ची नहर के रास्ते अपने घर वापिस आ रहा था। उसी समय दो अज्ञात लडके आए और उसको थप्पड मारकर उससे उसका मोबाइल फोन छीनकर मौका से फरार हो गए। इस संबंध में शिकायतकर्ता प्रीतम सिंह के ब्यान पर थाना इन्द्री में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा नम्बर 545 दिनांक 24.06.2022 धारा 379बी आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया।

## मोटर वाहन कर के विलंबित भुगतान के लिए सरकार ने छूट प्रदान की

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने उन सभी श्रेणी के परिवहन वाहनों को छूट प्रदान की है, जिन्हें 1 अप्रैल, 2020 से सरकारी गैजेट में इस अधिसूचना के प्रकाशन के 30वें दिन तक मोटर वाहन कर के विलंबित भुगतान के लिए छूट प्रदान की गई थी। ऐसे वाहन मालिकों द्वारा इस अवधि के लिए भुगतान किया गया कोई भी जुमार्ना वापस किया जाएगा।



इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने कोविड-19 की पहली लहर को देखते हुए परिवहन वाहनों को 1 अप्रैल, 2020 से 31 मई, 2020 और 1 जून, 2020 से 31 जुलाई, 2020 तक (आंशिक छूट) की अवधि के लिए मोटर वाहन कर के भुगतान की देयता से छूट प्रदान की। उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार द्वारा कोविड की दूसरी लहर को देखते हुए 1 अप्रैल 2021 से 30 जून 2021 तक (माल ढुलाई को छोड़कर) फिर से उक्त छूट दी गई। कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण वाहन मालिक इस छूट का लाभ नहीं उठा सके। इसी को ध्यान में रखते हुए, मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने सरकारी राजपत्र में इस उद्देश्य के लिए 1 अप्रैल, 2020 से अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 30वें दिन तक मोटर वाहन कर के विलंबित भुगतान के कारण होने वाले जुमार्ने से छूट दी है। मोटर वाहन कर के विलंबित भुगतान के कारण अर्जित जुमार्ने में छूट प्राप्त करने के लिए सभी संबंधित राज्य में संबंधित डीटीओ-सह-सचिव आरटीए के कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं।

## गाड़ी पलटने से ईएसआई की मौत

**पंचकूला।** पंचकूला पुलिस की पीसीआर वीरवार को सेक्टर 20-21 में डिवाइडिंग रोड पर अनियंत्रित होकर पलट गई। पीसीआर में तैनात ईएसआई रामगोपाल की इस हादसे में मौत हो गई। गाड़ी अनियंत्रित होने का कारण टायर का फटना बताया जा रहा है। घटना के समय जिप्सी को ड्राइवर होमगार्ड जगमाल सिंह चला रहा था। दोनों पीर मुच्छला की ओर जा रहे थे। घटना शाम सवा पांच बजे की है। जानकारी अनुसार पीसीआर पर तैनात रामपाल और जगमाल सिंह रूटीन गश्त कर रहे थे।

इसी दौरान टायर फटने से गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। गाड़ी पलटते ही ईएसआई रामगोपाल के सिर पर चोटें लगी। उसे पंचकूला के सेक्टर 6 में सिविल अस्पताल में ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। जबकि होमगार्ड जगमाल को मामली चोटें ही लगी। पंचकूला सेक्टर 5 के एसएचओ सुखबीर सिंह ने बताया कि अभी मामले की जांच की जा रही है। गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटी है। शुक्रवार को मृतक का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## आलू महत्वपूर्ण फसल, किसानों के समक्ष बीज की समस्या जल्द होंगी दूर : प्रो. समर सिंह



**शिव कुमार शर्मा**

**करनाल।** महाराणा प्रताप हार्टिकल्चर विश्वविद्यालय करनाल के कान्फ्रैंस हॉल में एमओयू पर हस्ताक्षर करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिद्धी विनायक एग्री लि. से मैनेजिंग डायरेक्टर हेमंत गौड़ ने कुलपति प्रो. समर सिंह का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में एमएचयू कुलपति प्रो. समर सिंह एवं सिद्धी विनायक एग्री लि. से मैनेजिंग डायरेक्टर हेमंत गौड़ की गरिमामयी उपस्थिति में एमएचयू के अनुसंधान निदेशक डॉ. रमेश गोयल द्वारा एमओयू पर वि.वि. की ओर से हस्ताक्षर किए। मंच संचालन डॉ विजय अरोड़ा ने किया। वि.वि कुलपति प्रो. समर सिंह ने कहा कि प्रदेश में धान-गेहूं का फसल चक्र टूटे, इनकी जगह किसान दूसरी फसलों को लगाएं। प्रदेश में आलू के बीज को लेकर बड़ी समस्या है, उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पहल है कि किसान परपंरागत खेती में बदलाव करें। इसके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार किसानों के लिए बुनियादी ढ़ाचा तैयार कर रही है, जिससे किसान फसल विविधिकरण की तरफ अग्रसर होगा। यहीं नहीं सरकार हरियाणा के किसानों को दूसरे प्रदेशों से ज्यादा सब्सिडी दे रही है। ये शुरूआत है बदलाव की ताकि किसान सब्जियों-फलों की खेती की तरफ लौटे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा प्रोसेसिंग प्लांट लगने चाहिए।

## मुस्लिम युवकों ने दुकानदार को घोंपे चाकू, केस दर्ज

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**पलवल।** उदयपुर में कन्हैया लाल के साथ हुई वारदात के बाद हरियाणा के पलवल में कार से जा रहे विकास भारद्वाज (विक्की) पर मुस्लिम समुदाय के युवक अंजुम ने अपने साथियों के साथ मिलकर चाकू से हमला कर दिया। विक्की को गंभीर हालत में फरीदाबाद के एक अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां से ऑपरेशन के बाद उसे पलवल के एक निजी अस्पताल की आईसीयू में रखा गया है। युवक के पिता की शिकायत पर युवक अंजुम सहित छह के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुलिस किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पायी है। सामने आया है कि विकास ओर अंजुम में पहले कोई दुश्मनी, कहासुनी नहीं थी। हिंदू समुदाय में वारदात के बाद रोष है। पलवल कैंप थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पंचवटी कॉलोनी निवासी शिवराम ने पुलिस को दी शिकायत में



कहा कि उसका 26 वर्षीय बेटा विकास भारद्वाज आगरा चौक पर मोबाइल की दुकान चलाता है। विकास 28 जून को दुकान का सामान लेने के लिए अपनी गाड़ी से दिल्ली गया था। वापसी में पलवल बस स्टैंड के समीप उसे उसके दोस्त अमित, कुणाल व अमन मिल गए। जिन्हें छोडने के लिए वह कैंप के लिए चल दिया। आरोप है कि रास्ते में न्यू कॉलोनी रोड़ पर गोलाया पब्लिक स्कूल के निकट रात्रि के करीब 12.15 बजे पहुंचा तो वहां पहले से एक कार खड़ी हुई थी। जिसमें शेखपुरा मोहल्ला निवासी अंजुम और 5-6 अन्य युवक बैठे थे।

**सम्मान** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में दी ट्रॉफी और प्रमाण- पत्र

# हरियाणा को मिला एमएसएमई नेशनल अवार्ड में तीसरा स्थान

■ एमएसएमई के क्षेत्र में हरियाणा देश के टॉप-3 राज्यों में शामिल है




**भुपेंद्र शर्मा**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा एमएसएमई के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल हुआ है। वीरवार को नई दिल्ली में भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा उद्यमी-भारत कार्यक्रम के तहत आयोजित एमएसएमई नेशनल अवार्ड समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाणा को यह अवार्ड दिया गया। इस अवसर पर हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला तथा वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के प्रधान सचिव विजयेंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। एमएसएमई के क्षेत्र में हरियाणा देश के टॉप-3 राज्यों में शामिल है। इस अवसर पर हरियाणा की औद्योगिक नीतियों की काफी तारीफ हुई।

इस कार्यक्रम में हरियाणा के दो एमएसएमई को भी अवार्ड मिला है। इनमें डॉ. हरजिंद्र कौर तलवार को वुमैन कैटेगरी के स्मॉल सर्विस इंटरप्राइज में प्रथम तथा रिषभ गुप्ता को मैनुफैक्चरिंग माईक्रो इंटरप्राइज की ओवरऑल कैटेगरी में तीसरे स्थान का अवार्ड मिला है।

डिप्टी सीएम ने अवार्ड लेने के बाद मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय को धन्यवाद दिया कि उन्होंने राज्य एमएसएमई के विकास को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगों के साथ-साथ हरियाणा छोटे एवं लघु उद्योगों के मामले में भी टॉप परफोर्मिंग स्टेट्स में बना हुआ है। मैं इस उपलब्धि के लिए प्रदेश के सभी उद्यमियों को बधाई देता हूँ। हमारा हमेशा से संकल्प रहा है कि प्रदेश में नए उद्यग लगें, उनका विकास हो और हमारे युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मिले।

उन्होंने कहा कि हरियाणा ने पिछले कुछ वर्षों में तेजी से आर्थिक विकास किया है और इसमें हमारे एमएसएमई का विशेष योगदान रहा है। प्रदेश में लगभग 9.7 लाख एमएसएमई हैं जो कि बढ़ती अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। राज्य सरकार ने एमएसएमई के लिए कई नई योजनाएं और पहल आंरभ की हैं ताकि उनको संस्थागत सलाह और सुविधा प्रदान की जा सके, साथ ही एक मजबूत नीतिगत ढांचा भी बनाया जा सके। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में एमएसएमई का समर्थन करने के लिए एक समर्पित विभाग एमएसएमई निदेशालय की स्थापना की हुई है, इससे बाजार, प्रौद्योगिकी और कुशल श्रमिकों तक पहुंच आसान हुई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार राज्य में औद्योगिक विकास, विशेषकर एमएसएमई के लिए लक्षित नीतियां लेकर आई है। उपमुख्यमंत्री ने राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा ने वोकल फॉर ग्लोबल के सिद्धांत पर चलते हुए अपनी तरह का एक प्रोग्राम पदमा शुरू किया है जिसका मुख्य उद्देश्य खंड स्तर पर एक गतिशील, आत्मनिर्भर और संपन्न औद्योगिक बुनियादी ढांचा तैयार करना है।

# गुरुग्राम, फरीदाबाद सहित हरियाणा में ऑनलाइन होंगे प्रापर्टी से जुड़े काम

■ निकायों में टूटेगा भ्रष्टाचारियों का रैकेट

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम, फरीदाबाद सहित हरियाणा के शहरी निकायों में अब भ्रष्टाचारियों का रैकेट टूटेगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी निकायों में मैनुअली काम बंद कर आनलाइन सेवाएं शुरू करने के निर्देश दिए हैं। प्रापर्टी से जुड़े सभी काम आनलाइन होंगे। मानवीय हस्तक्षेप खत्म होने से भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। मुख्यमंत्री ने शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के साथ जिला नगर आयुक्तों के साथ प्रापर्टी टैक्स सर्वे की समीक्षा की। जयपुर की याशी कंसल्टिंग सर्विस प्राइवेट लिमिटेड ने पूरे प्रदेश में प्रापर्टी सर्वे कराया है। सभी 92 निकायों में सर्वे का काम पूरा हो चुका। कुल 42.24 लाख प्रापर्टी चिन्हित हुई हैं।



इससे टैक्स डिमांड 450 करोड़ से बढ़कर 960 करोड़ रुपये हो गई है। यानी कि टैक्स डिमांड में सीधे 510 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

पिछले सात माह में सभी 42 लाख संपत्तियों के सर्वे डाटा को सत्यापित कर आनलाइन किया गया है। सर्वे डाटा को सही करने के लिए वार्ड और निकाय कार्यालयों में शिविर लगाए गए। स्थानीय निकायों और सर्वे एजेंसी के संयुक्त प्रयासों से पिछले सात माह में कुल 2.80 लाख आवेदकों ने डाटा दुरुस्त कराया है। अब फाइनल डाटा निकायों को उपलब्ध करवाना शुरू कर दिया गया है। 65 शहरी निकायों ने डाटा को फाइनल कर निदेशालय भिजवा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी निकायों में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। इसलिए मैनुअल कार्य बंद किए जाए क्योंकि मानवीय हस्तक्षेप भ्रष्टाचार को जन्म देता है।

अगर कोई निकाय आनलाइन नहीं है तो तीन-चार दिन सभी सेवाओं को बंद कर सबसे पहले आनलाइन सर्विस शुरू करें। मुख्यमंत्री ने सभी नगर आयुक्तों को प्रापर्टी सर्वे डाटा तुरंत प्रभाव से निदेशालय भिजवाने के आदेश दिए ताकि प्रापर्टी आइडी बनने में आ रही समस्याओं को खत्म किया जा सके। शहरी निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता ने हाल ही में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात कर पूरी प्रापर्टी का रिकार्ड आनलाइन होने की जानकारी दी थी। केंद्रीय मंत्री ने केंद्र से एक टीम हरियाणा भेजने के निर्देश दिए है।

## संक्षिप्त-समाचार

### गांव बड़ौदा की गुरूकुल यज्ञशाला में चेयरमैन संदीप गर्ग ने हवन यज्ञ में डाली आहूतियां



**नरेश गर्ग, लाडवा।** लाडवा के गांव बड़ौदा में स्थित गुरूकुल यज्ञशाला में गुरूवार को स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग द्वारा हवन में आहूतियां डाली गई। यज्ञशाला के आचार्य संदीपन ने कहा कि हर व्यक्ति को प्रतिदिन एक छोटा सा ही सही लेकिन अपने संस्थान पर एक हवन यज्ञ अवश्य करना चाहिए। जिससे कि पूरा वातावरण शुद्व हो जाता है और घर व संस्थान में सुख-शांति का वास होता है। उन्होंने कहा कि समाज हित के लिए स्टालवार्ट फाउंडेशन व फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग बहुत ही कार्यो में लगे हुए हैं। जिसको लेकर आज लाडवा हल्के की जनता बहुत खुश है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लोगों को मात्र पांच रूपए में भरपेट भोजन करवाया जा रहा है। वहीं स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग ने हवन में आहुतियां डाली और कहा कि यज्ञशाला में जिस प्रकार से हवन यज्ञ करवाया गया है उससे मन को शांति प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों द्वारा जिस प्रकार मंत्रों का उच्चारण किया गया है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। हवन यज्ञ के बाद सभी बच्चों व आए हुए गणमान्य व्यक्तियों को प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर पंकज बंसल, सुरेन्द्र गुप्ता, सोनू, राकेश आदि मौजूद थे।

### हल्की बरसात के कारण शहरवासियों व किसानों ने ली गर्मी से राहत की सांस



**नरेश गर्ग, लाडवा।** गुरूवार सुबह से शाम तक हुई हल्की बरसात के कारण जहां लोगों ने भयंकर गर्मी से राहत की सांस ली। वहीं किसानों ने भी कुछ राहत भरी सांस ली और किसानों को चेहरे भी खिल उठे। पिछले काफी समय से लाडवा क्षेत्र में भयंकर गर्मी पड़ रही थी। जिसके कारण आम जीवन अस्त-व्यस्त हुआ पड़ा था। वहीं किसानों को भी धान की फसल लगाने व उसमें पानी देने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। किसान राजकुमार, हरदीप सिंह, गुरचरण सिंह, अनिल कुमार, राजेश कुमार, सुरेश बंसल, महेश कुमार, करमजीत, मिहां सिंह, कर्म सिंह, हरविन्द्र सिंह आदि ने कहा कि जब से धान की फसल लगाई है। अभी तक एक बार भी बरसात नहीं आई थी। परंतु गुरूवार को हल्की बरसात हुई है। जिससे गर्मी से राहत महसूस की गई है। हालांकि इतनी बरसात नहीं हुई है। जिससे कि धान की फसल को लाभ मिल सके। परंतु कहीं न कहीं खेतों में लगे पशुओं के चारे व सब्जी आदि को फायदा हुआ है ताकि किसान तीव्र से अपने धान की फसल में पानी दे सके। वहीं अनाजमंडी में मक्के की फसल लाए किसानों को भी बरसात आने के कारण मंडी में सूख रहे मक्के को समेटकर तरपालो से ढकना पड़ा।

### सुशासन विभाग के तहत जल्द ही टीमों का गठन किया जाएगाः रामकुमार कश्यप



**ममता कश्यप, इन्द्री।** हरियाणा की भाजपा सरकार ने अपने सात साल के कार्यकाल के भीतर सुशासन की तरफ बड़ी तेजी के साथ कदम बढाएं हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में बनी सरकार ने लोगों की जरूरतों और परेशानियों को समझते हुए लोगों के कल्याण के लिए ऐसी जनकल्याण नीतियां एवं योजनाएं शुरू की है जिनका लाभ लोगों को त्वरित और घर बैठे मिल रहा है। सुशासन की इन योजनाओं एवं नीतियों से प्रभावित होकर देश के अन्य भाजपा शाषित राज्यों ने भी अपनाने के लिए आकर्षित किया। यह शब्द इन्द्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में सुशासन विभाग के बारे जानकारी देते हुए कहें। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि सुशासन विभाग के तहत जल्द ही टीमों का गठन किया जाएगा। इन टीमों के माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं की जानकारी समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाई जाएगी ताकि इन नीतियों एवं योजनाओं का लाभ प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को आसानी से मिल सकें। उन्होंने बताया कि सुशासन विभाग में कार्य करने वाले सदस्यों से कहा कि वे अपनी मयार्दा एवं सीमा में रहकर लोगों की सेवाभाव से कार्य करेंगें। उन्होंने बताया कि सुशासन टीम के सदस्य को यदि अपने कार्य करने में किसी प्रकार की समस्या आती है तो उसकी जानकारी सुशासन विभाग के पदाधिकारियों को देंगे ताकि समस्या का शीघ्र समाधान हो सकें। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने सभी वर्गों के लिए ऐसी नीतियां एवं योजनाएं बनाई है जिनका लोगों को सही जानकारी न होने के कारण इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। इसलिए सुशासन टीम का सबसे पहले यही कार्य होगा की वह जनकल्याणकारी योजनाओं की सही जानकारी लेकर लोगों को नीतियों एवं योजनाओं के बारे विस्तार से जानकारी दें, और इन योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाने में अपना सहयोग करें। श्री कश्यप ने कहा कि यदि हम सभी निस्वार्थ भाव से कार्य करें तो अवश्य ही हमारा देश व प्रदेश तरक्की करेंगा और हमें भी समाज सेवा करने का मौका मिलेगा। इस मौके पर सुशासन विभाग के प्रमुख सुरेन्द्र चौहान, सह प्रमुख डॉ. पवन कुमार, भाजपा मंडलाध्यक्ष अमित खेडा, पार्षद राकेश पाल, रोहताश काम्बोज, राजेश पाल, बिन्दर कश्यप, अकुंश पाल जौहर माजरा, गुरमेज पाल, गौरव काम्बोज, दर्शन काम्बोज, सुनील बीबीपुर जाटान सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहें।

### सिंगल यूज प्लास्टिक से वातावरण होता है दूषितः सुभाष चंद्र

**शिव कुमार शर्मा, करनाल।** स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन करने का फैसला लिया गया है। यह फैसला धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू हो और आमजन के सहयोग से सिंगल यूज प्लास्टिक के बैन को पूर्णतः समर्थन मिले, इसके लिए अधिकारी सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे आमजन को जागरूक करते हुए अपनी जिम्मेवारी सुनिश्चित करें। वे वीरवार को स्थानीय डॉ० मंगलसैन ऑडोटोरियम में नगर निगम व जिले की सभी नगरपालिकाओं के अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यकारी उपाध्यक्ष ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से वातावरण दूषित होता है और यह प्लास्टिक लम्बे समय तक यथास्थिति बनाए रखता है। जहां में जमीन पर मिलता है, वहां वर्षा होने पर भी पानी जमीन के अंदर नीचे नहीं जा सकता। इससे भू-जल स्तर गिरने का संकट भी पैदा होता है। इसके प्रयोग से स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमें आमजन को इसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इसका प्रयोग बंद करवाना है और इसके स्थान पर कपड़े के थैले व गलनशील थैलों के प्रयोग पर बल देना है। इस मौके पर उन्होंने मानसून को देखते हुए अधिकारियों की तैयारी की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि बारिश के सीजन में संबंधित क्षेत्र में कहीं भी जलभराव ना हो, अधिकारी इसके लिए पहले से तैयारी सुनिश्चित करें, सभी ड्रेनों, नालियों व नालों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें और लम्बित पड़े विकास कार्यो को गति प्रदान करें। उन्होंने चल रहे विकास कार्यो की भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि आस-पास स्वच्छता सबकी सांझी जिम्मेदारी है और साफ-सफाई व स्वच्छता केवल सरकार का विषय नहीं है, इसमें जनता को भी अपना सक्रिय योगदान देना होगा, तभी स्वच्छ भारत मिशन कामयाब हो पाएगा।

### दानवीर राजा कर्ण फाउंडेशन ने करवाई जरुरतमंद लड़की की शादी



**शिव कुमार शर्मा, करनाल।** कोरोना महामारी के चलते, आर्थिक मंदी के दौर में जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी का बीड़ा उठाते हुए दानवीर राजा कर्ण फाउंडेशन द्वारा महत्वपूर्ण भुमिका निभाते हुए करनाल डे बस्ती में जरूरतमंद लडकी का विवाह करवाया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पुनिया ने बताया कि जैसे ही हमारे पास फोन आया कि एक गरीब परिवार की लडकी की शादी है तो दानवीर राजा कर्ण फाउंडेशन की टीम ने तुरंत उस गरीब बेटी की शादी कराने का फैसला किया और उसे जरूरत का सामान और नकद रुपए दिये। उन्होंने बताया कि दानवीर राजा कर्ण फाउंडेशन की तरफ से यह दसवीं शादी करवाई गई है। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था जरूरतमंद लोगों की सहायता भविष्य में भी करती रहेगी। उन्होंने समाज के सम्पन्न लोगों को अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास के एरिया में गरीब परिवार की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पुनिया, पंकज गोयल, रविन्द्र सरोहा, स्वर्ण कादियान, मीनाक्षी यादव, डोली वर्मा, अंशुल कादियान, भोपी पुनिया, भाग सिंह, विजेंद्र मलिक, प्रदीप रमन, दीपक गोयल, ईशम सिंह, रवि कुमार, गगन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया 32.16 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं का शिलान्यास

## सूक्ष्म सिंचाई परियोजना पर 1710.46 लाख रुपये की लागत आएगी

■ नरवाना ब्रांच की आरडी 307800 व एसवाईएल 44.817 किलोमीटर पर बनाए जाने वाले पुलों का शिलान्यास किया

■ निर्माण में 545 लाख रुपये की लागत आएगी




भुपेंद्र शर्मा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को कुरुक्षेत्र जिले में 3216.41 लाख रुपये की 4 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल, कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी, अम्बाला के सांसद रतनलाल कटारिया और कुरुक्षेत्र के विधायक सुभाष सुधा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा नरवाना ब्रांच की आरडी 307800 व एसवाईएल किलोमीटर 44.817 पर बनाए जाने वाले पुलों का शिलान्यास किया। इसके साथ-साथ उन्होंने नरवाना ब्रांच की आरडी 271741 व एसवाईएल किलोमीटर 33.824 पर पुलों के पुनःनिर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस पर 631.51 लाख रुपये की लागत आएगी। एसवाईएल कैनाल किलोमीटर आरडी 26.435 पर पुल के पुनः निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। इस परियोजना पर 329.44 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा सूक्ष्म सिंचाई एवं नहरी क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के तहत मोगा नंबर 17940 एल पबनावा डिसट्रीब्यूट्री, 7515 आर पिंडारसी माइनर, 16700 एल पहाड़पुर माइनर व 17140 आर पहाड़पुर माइनर का भी शिलान्यास किया। इस पर 1710.46 लाख रुपये की लागत आएगी।

# बरसात के चलते सोम नदी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी

सविता

**बिलासपुर।** मानसून के दस्तक देते ही लोगो को गर्मी से तो राहत मिली लेकिन यह मानूसन की पहली ही बरसात के चलते सोम नदी उफान पर आ गई और अपनी क्षमता से सात हजार क्यूसिक खतरे के निशान से उपर बहने लग गई। वही छछरौली में बरसात के चलते कई सड़कों पर तीन से चार चार फिट पानी जमा हो गया। जिसके चलते वाहन भी पानी में नाव की तरहा तैरते हुए नजर आए। छछरौली क्षेत्र में आज मानसून की पहली बरसात तो पडी लेकिन पहली ही बरसात ने सरकारी कामो की पोल खोल दी। सड़कों पर तीन से चार फिट तक पानी इक्टठा होने के कारण अपनी जगह वाहन पानी में फंसे हुए नजर आए तो कही कारे भी पानी में तैरती हुई नजर आई। यही नही लोगो को इस पानी से निकलने के लिए भी काफी परेशानी का सामना करना पडा हालाकि दूसरी तरफ जो पहाड़ों पर बरसात हो रही है उसके चलते बरसाती नदिया पूरे उफान पर आ गई। जिसके चलते सोम नदी खतरे के निशान से काफी उपर बहने लग गई। सोम नदी का पानी पुल को छू कर निकल रहा था। सोम नदी की क्षमता दस हजार क्यूसिक है लेकिन पानी 17 हजार क्यूसिक को पार कर गया जिसके चलते अधिकारियों ने सोम नदी पर ही डेरा लगा लिया हालाकि सोम नदी के किनारे सिंचाई विभाग ने पहले से ही पक्के तो करवा लिए थे लेकिन उसके बावजूद भी कई खेतो में नदी के पानी ने दस्तक दे दी है। अभी भी कई गांवों को बाढ का खतरा आता दिखाई दे रहा है अगर ऐसे ही बरसात और पडती है तो सोम नदी के किनारे पर आने वाले गांव जल्द ही बाढ की चपेट में आ सकते है। जिसके लेकर अधिकारियों ने गांव निवासियों को बाढ से बचने के लिए पहले से ही अलर्ट कर दिया है। क्षेत्र के गांव हडौली, लेदी, चिंतपुर, मानीपुर, ककडौनी बलौली, उर्जनी, दादुपुर आदि गांवों की फसलों में पानी घुस गया।



**छछरौली कस्बा की सड़कों पर भरा पानी**

आज सुबह से हो रही बरसात से कस्बा छछरौली की गलियों में पानी जमा हो गया। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस रोड पर पानी भर गया। जिससे वाहनों को गुजरने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

# उराजेश खन्ना को मिला इंटरनेशनल ग्लोरी अवार्ड



शिव कुमार शर्मा

**करनाल।** करनाल के होनहार खिलाड़ी राजेश खन्ना को एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से इंटरनेशनल ग्लोरी अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी उपलब्धियों को देखते हुए दिया गया है। राजेश खन्ना राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदेश व देश का नाम रोशन कर चुके हैं। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में राष्ट्र स्तरीय इंटरनेशनल ग्लोरी अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन होटल डिवेंचर में किया गया था। जिसमें अभिनेता गोविंदा की बेटी व सिने जगत की विख्यात अभिनेत्री टीना आहूजा सेलेब्रिटी चीफ गेस्ट, पूर्व मिस इंडिया सिमरन आहूजा सेलेब्रिटी गेस्ट, आसाम की विख्यात समाजसेविका डॉ बरनाली शर्मा व मॉडल निशा सोनी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। बता दें कि राजेश खन्ना इंडियन एयर फोर्स से रिटायर्ड हैं। वह समय-समय पर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर कई गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर चुके हैं।

## तरावड़ी के विकास को तेज गति से करवाना ही मेरी प्राथमिकता हैः विरेंद्र बंसल

**वीरेंद्र जांगड़ा, तरावड़ी।** तरावड़ी नगरपालिका के नवनिर्वाचित चेयरमैन विरेंद्र बंसल ने कहा कि तरावड़ी के विकास को तेज गति से करवाना ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव देरी से होने के कारण लोगों को अपने काम करवाने के लिए परेशानी झेलनी पड़ी, लेकिन अब शहर के किसी भी व्यक्ति को किसी काम के लिए परेशानी नही होगी और उनके घर के दरवाजें 24 घंटे जरूरतमंद लोगों के लिए खुले हुए है। उन्होंने कहा कि तरावड़ी में लम्बे समय से एक पार्क की मांग की जा रही है। जिसे विधायक धर्मपाल गोंदर के प्रयास से जल्द पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तरावड़ी में स्ट्रीट लाईट व्यवस्था दुरूस्त करवाने के लिए एक करोड रुपये का टेंडर लगाया जा रहा है। टेंडर लगने के बाद पूरे शहर में कही भी शाम ढलने के बाद अंधेरा नही रहेगा।

## वर्तमान सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत : शंभू राठी



शिव कुमार शर्मा

**नीलोखेड़ी/करनाल।** संयुक्त आयुक्त नगर निगम एवं मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों के नोडल अधिकारी शम्भू राठी ने कहा कि वर्तमान सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है।

इसके लिए सरकार आमजन को उनके घर द्वार पर सरकार की योजनाओं और बैंकों के माध्यम से मिलने वाली वित्तिय सहायता का लाभ दे रही है और यह सब मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत आयोजित हो रहे मेलों के कारण संभव हो पा रहा है। वे आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में वीरवार को नीलोखेड़ी खंड के गुरू ब्रह्मानंद पोलिटेक्निक कॉलेज के कैम्पस हॉल में तीसरे चरण के अंत्योदय मेले में आए हुए लाभ पात्रों को सम्बोधित कर रहे थे। संयुक्त आयुक्त ने कहा कि अंत्योदय मेलों के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि गरीब परिवारों की आय में वृद्धि हो, इसके लिए उन्हें स्वरोजगार के प्रति जागरूकत करते हुए वित्तिय संस्थानों के माध्यम से आर्थिक मदद दिलवाई जा रही है ताकि ना केवल वे खुद का व्यवसाय स्थापित कर सके बल्कि किसी अन्य बेरोजगार को भी अपने व्यवसाय के साथ जोडकर उसे भी रोजगार के अवसर मुहैया करवा सके।

इन मेलों के आयोजन के सफलतम परिणाम भी सामने आने लगे है। अपने लिए आर्थिक सहायता व सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले परिवार अन्य लोगों को भी इस बारे बताकर अंत्योदय मेलों में ला रहे है।

## तरावड़ी ओवरब्रिज के नीचे पानी की निकासी न होने से भरा पानी

**वीरेंद्र जांगड़ा, तरावड़ी।** तरावड़ी रेलवे ओवरब्रिज के नीचे बरसाती पानी की निकासी का प्रबंध न होने के कारण मानसून की पहली बरसात में ओवरब्रिज के नीचे व नगरपालिका रोड पर लबालब हो गया। दर्जनों दुकानों में पानी भर गया जिससे दुकानदारों का काफी नुकसान हो गया। बरसाती पानी की निकासी न होने की समस्या लगभग दो साल पुरानी है और दुकानदार परेशानी से निजात पाने के लिए प्रशासन के अधिकारियों से लेकर विधायक तक के चक्कर लगाते रहे है, लेकिन किसी ने भी इन दुकानदारों की सुनवाई नही की। ओवरब्रिज के नीचे से गुजर रहे बरसाती नाले की निकासी पहले सीधे ओवरब्रिज के नीचे से गुजर रही नहर में थी, लेकिन एन.जी.टी के आदेशों के बाद नहरी विभाग ने इस पानी की निकासी को नहर से बंद कर दिया।

## मजदूरों से भरी ईको वैन ट्रक से टकराई, दो की मौत

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत में गुरुवार को सड़क हादसे में 2 मजदूरों की मौत हो गई। हादसा कुंडली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेसवे पर हुआ। यहां उत्तर प्रदेश से सोनीपत के गोहाना में मजदूरों को लेकर आ रही ईको वैन ट्रक से टकरा गई। हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, यूपी से 9 मजदूर गोहाना में धान लगाने के लिए ईको वैन में आ रहे थे। इस दौरान सोनीपत में गांव जाखौली के पास केजीपी पर वह हादसे का शिकार हो गए। हादसे में 2 की मौके पर ही जान चली गई। मृतक मजदूर राघवेन्द्र और छेदालाल पीलीभीत उत्तर प्रदेश के गांव घनचाय के रहने वाले थे। वहीं, हादसे की जानकारी मिलते ही कुंडली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल भिजवाया।

## उस्मान के आम के बाग भी कर रहे है देश व विदेशी लोग के स्वाद की पूर्ति



नरेश गर्ग

**लाडवा।** विदेशों में भी फलों के राजा चौसा लंगड़ा आम के स्वाद के लोग दिवाने है। हर साल टनों की मात्रा में चौसा लंगड़ा आम को सहारनपुर के रायपुर के पैक हाउस से निर्यात किया जा रहा है। यह आम अधिकतर जापान, दुबई, चीन जैसे अनेक देशों में सप्लाई किया जा रहा है। इन आमों की खपत उस्मान जैसे किसान कर रहे है। अहम पहलू यह है कि उस्मान ने अपनी जमीन पर आम की करीब 235 किस्मों के पेड़ लगाए है। इन आमों को बेच कर उस्मान हर साल लाखों रुपए कमा रहे है।

उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव रायपुर से उस्मान लाडवा के उप उष्णकटिबंधीय फल केन्द्र में 235 किस्मों के आम ले कर आए है। इन किस्मों को देख कर इस क्षेत्र के किसान व प्रदर्शनी देखने वाले लोग हैरान है और आम की खेती से प्रेरित हो रहे है। यहां पर किसान उस्मान ने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से आम उत्सव जैसे कार्यक्रमों के आयोजन से प्रगतिशील किसान को मंच मुहैया करवाकर प्रगति करने का एक मार्ग दिखाया है। आम की खेती करना उनका पुश्तैनी काम है। इस पुश्तैनी खेती के लिए अपनी जमीन में आम की करीब 235 किस्मों के आम के पेड़ लगाए हुए है इन की देखभाल स्वयं तथा परिवार के अन्य लोग कर रहे है। इस खेती के लिए ज्यादा पैसा भी खर्च भी नहीं हो रहा है और हर साल करीब लाखों रुपए कमा रहे है। सहारनपुर व रायुपर के पैक हाउस के संचालक आम खरीदते है और इस पैक हाउस से आम का निर्यात जापान, दुबई व चीन जैसे देशों में किया जा रहा है।

## सोनीपत अस्पताल में उपचाराधीन कैदी फरार

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत के नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन चोरी का आरोपी अंकित उर्फ हैप्पी गुरुवार को पुलिस कर्मचारी की कार्बाइन लेकर फरार हो गया। अंकित को 4 दिन पहले सोनीपत जेल में तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में पुलिस की निगरानी में दाखिल कराया गया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने घटना को लेकर किसी तरह का कोई केस दर्ज नहीं किया था। मामले के अनुसार 22 जून को पानीपत के गांव आदियाना निवासी संदीप ने थाना मुरथल पुलिस में शिकायत दी थी कि कि मुरथल में मोबाइल टावर से 35 एमएम की कॉपर की केबल चोरी हुई है। इससे पहले 19 जून को भी गांव भिगान के टावर से 66 मीटर वायर चोरी की गई। पुलिस ने मामला दर्ज करके मुरथल की आर के कॉलोनी निवासी अंकित को उर्फ हैप्पी को गिरफ्तार किया था।

# जलभराव से निपटने को बारिश में डटे रहे निगम कर्मी



विनोद धीमान

**यमुनानगर।** जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए बुधवार को निगम कर्मी बारिश में भी डटे रहे। मेयर मदन चौहान, अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार समेत निगम के आलाधिकारी शहर में जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण कर सफाई अधिकारियों को दिशा निर्देश देते रहे। बारिश के बीच भी सफाई कर्मचारी नालों की जालियों में फंसा पॉलिथीन व अन्य कचरा निकालकर ब्लॉकेज खत्म करते रहे। जिसके चलते शहर में अधिक देर तक जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। कई स्थानों से पंपसेट लगाकर पानी की निकासी की जा रही है।

बारिश में शहर में जलभराव न हो इसके लिए नगर निगम मेयर मदन चौहान व निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निदेर्शों पर जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह व जोन दो में सीएसआई सुरेंद्र चौपड़ा के नेतृत्व में टीम बनाई गई है। दोनों सीएसआई बुधवार को हुई बारिश के बीच सफाई निरीक्षकों व कर्मचारियों के साथ अपने क्षेत्रों में तैनात रहे। बारिश के बीच नालों के जालों में जहां कचरा फंसा हुआ मिला। उसे निकाला गया। ताकि पानी अवरुद्ध न हो। निगम कर्मचारी इस दौरान जगाधरी से निकल रहे बड़े नालों के विभिन्न प्वाइंटों पर तैनात होकर सफाई करते रहे। कई स्थानों पर निगम की जेसीबी के माध्यम से नालों में फंसा कचरा साफ कर पानी की निकासी की गई। जिसके चलते बारिश के कुछ देर बाद ही शहर से पानी उतर गया।

## शिक्षा मंत्री ने ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता में पांच लाख का अनुदान दिया



सविता

**बिलासपुर।** शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने छछरौली में आयोजित ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता में 5 लाख का अनुदान दिया व खेल स्टेडियम में अन्य विकास कार्य करवाने की घोषणा की। हरियाणा सरकार में शिक्षा, वन व पर्यटन मंत्री कंवर पाल ने आज छछरौली स्टेडियम में छछरौली स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उनके साथ कल्ब प्रधान संजीव सैनी, मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह, मंडल महामंत्री जगदीश धीमान, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग साथ रहे। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने दीप जलाकर ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता 10 वर्ष से लेकर 21 वर्ष तक के युवा वर्ग के करवाए गए। जिसमें लडके व लडकियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार जीतें। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार बांटे।

शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने छछरौली स्पोर्ट्स क्लब को 5 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की और कहा कि छछरौली खेल स्टेडियम में विकास कार्यों का कार्यक्रम बनाकर उन्हें दें वह विकास कार्य खेल मंत्री के माध्यम से छछरौली खेल स्टेडियम में करवा देंगें। शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने नौजवानों से नशे जैसी बुरी लत से दूर रहने का आह्वान किया और कहा कि युवाओं को अपना जोश व ऊर्जा सही सकारात्मक कार्यों में लगानी चाहिए।

**लोकार्पण** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने किया लोकार्पण

# कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप की प्रतिमा का हुआ लोकार्पण

■ अद्भुत प्रतिमा 40 फुट ऊंची है, जिसका वजन 35 टन के करीब है



भुपेंद्र शर्मा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में ज्योतिसर की पावन धरा पर वीरवार को शंखनाद और मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप की प्रतिमा का लोकार्पण हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल और सअध्यक्ष, गीता ज्ञान संस्थान स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति में गीता ज्ञान संस्थान से वर्चुअल माध्यम से रिमोट का बटन दबाकर प्रतिमा का लोकार्पण किया। यह अद्भुत प्रतिमा 40 फुट ऊंची है, जिसका वजन 35 टन के करीब है। इसकी विशेष बात यह है कि इसे 4 प्रकार की धातुओं के मिश्रण से बनाया गया है, जिसमें 85 प्रतिशत तांबा और 15 प्रतिशत अन्य धातुओं का प्रयोग किया गया है। इस विराट स्वरूप में भगवान श्री कृष्ण के 9 स्वरूपों को दशार्या गया है।

इस दौरान भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप और विश्वस्वरूप के बीच की यात्रा को एक लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से दशार्या गया।

उल्लेखनीय है कि कृष्ण सर्किट परियोजना के प्रथम स्थल ज्योतिसर के जीर्णोद्धार के पहले चरण के तहत भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप की प्रतिमा का अनावरण किया गया है। इसके बाद, मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निदेर्शानुसार ज्योतिसर में विश्वस्तरीय ज्योतिश्वर अनुभव केंद्र की रचना की जा रही है, जिसके अगले एक साल में तैयार होने की संभावना है। यह केंद्र पाँच भवनों में विभाजित होगा। इसके पहले भवन में महाभारत के युध्द से पूर्व की घटनाओं की जानकारी मिलेगी। अगले भवन में 18 आइनो में युध्द के 18 दिनों की घटनाएं देखने को मिलेंगी। इसके अलावा, इंटरएक्टिव पॉड से गीता में लिखित जीवन की समस्यों का समाधान जान सकते हैं। पांचवें भवन में युध्द के बाद की घटनाओं जैसे युधिष्ठिर का राज्याभिषेक इत्यादि की जानकारी मिलेगी। यह केंद्र देश व दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज, शिक्षा एवं पर्यटन मंत्री कंवर पाल, सांसद रतन लाल कटारिया, नायब सिंह सैनी, संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, विधायक सुभाष सुधा, महिपाल ढांडा, प्रमोद विज, लीला राम, सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

# उदयपुर की घटना इस्लामिक जिहाद का क्रूरतम कृत्य: दिनेश दानोरिया

■ मुस्लिम युवा 72 हूरों के चक्कर में कर रहे लक्षित हिंसा
■ उदयपुर की घटना के विरोध में बजरंग दल का देशव्यापी प्रदर्शन



दर्पण न्यूज सर्विस

**लखनऊ।** बजरंग दल के नवनियुक्त राष्ट्रीय संयोजक नीरज दानोरिया ने उदयपुर की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह घटना इस्लामिक जिहाद का बर्बर क्रूरतम चेहरा है। इसके पीछे इस्लामी शक्तियां हैं। यह सब भारत को दारुल हरब से दारुल इस्लाम बनाने के लिए काम कर रहे हैं। बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक ने हिन्दुस्थान समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि मदरसों में मौलानाओं द्वारा मुस्लिम नौजवानों को गुमराह कर नापाक इरादों से भटका रहे हैं। मुस्लिम युवा देश के अंदर 72 हूरों के चक्कर में टारगेट कर हिंसा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भारत की नौजवान पीढ़ी को संकल्प लेना होगा कि देश के अंदर किसी भी हालत में इनके मंसूबों को पूरा नहीं होने देंगे। इनके कृत्यों को हम बर्दाश्त भी नहीं करेंगे। देश संविधान से चलेगा शरीयत से नहीं। देश में संविधान है संविधान के दायरे में इनको भी रहना होगा। कहा कि मेवाड़ की भूमि पराक्रम की भूमि है। युवा उठें और अपनी मातृभूमि की रक्षा करें। यह समय इंगित कर रहा है। दिनेश ने कहा कि इस घटना की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी कर रही है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि हत्या में शामिल हत्यारों के कनेक्शन आतंकी संगठनों से हैं। बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक दिनेश दानोरिया ने बताया कि उदयपुर की घटना के विरोध में आज देश भर बजरंग दल के द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के मंत्री देवेंद्र ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि आज अवध प्रांत के सभी जिलों में बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे। घटना के विरोध में जिला अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। राजधानी लखनऊ में दोपहर 12:30 बजे परिवर्तन चौक पर बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन देंगे।

# यूक्रेन-रूस जंग के बाद यूरोप पर मंडराया खतरा, सुरक्षा व्यवस्था को चौकस करने में जुटा अमेरिका

## यूरोपीय देशों के लिए खड़ा हुआ अमेरिका, सुरक्षा व्यवस्था को बनाएगा मजबूत

दर्पण न्यूज सर्विस

**मैड्रिड।** नाटो के सदस्य देशों के नेताओं के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर नाटो महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग से मुलाकात में बाइडन ने कहा नाटो मजबूत और एकजुट है और इस सम्मेलन में उठाये जाने वाले कदम हमारी सामूहिक शक्ति को और बढ़ाएंगे। यूक्रेन पर रूस के हमलों को देखते हुए यूरोप की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने को लेकर अमेरिका ने प्रतिबद्धता जाहिर की है। ठअळड ने पश्चिम के लिए मास्को को सबसे बड़ा खतरा बताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने स्थानीय समयानुसार बुधवार को कहा कि यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए अमेरिका यूरोप में अपनी फौज बढ़ा रहा है और पोलैंड में पहला स्थायी केंद्र बनाएगा। मैड्रिड में नाटो के सदस्य देशों के



नेताओं के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर नाटो महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग से मुलाकात में बाइडन ने कहा, 'नाटो मजबूत और एकजुट है' और इस सम्मेलन में उठाये जाने वाले कदम हमारी सामूहिक शक्ति को और बढ़ाएंगे।' बाइडन ने कहा कि अमेरिका पोलैंड में एक स्थायी मुख्यालय स्थापित कर रहा है, दो अतिरिक्त एफ-35 लड़ाकू विमान के बेड़े को ब्रिटेन भेज रहा है। साथ ही अमेरिका की ओर से जर्मनी तथा इटली में भी और अधिक वायु रक्षा तथा अन्य क्षमता वाली प्रणालियां भेजेगा।

बाइडन ने कहा, 'आज मैं घोषणा कर रहा हूं कि अमेरिका यूरोप में अपने बल की मौजूदगी बढ़ाएगा तथा बदलते सुरक्षा परिदृश्य में वह सक्रियता दिखाएगा और हमारी सामूहिक सुरक्षा को पुख्ता करेगा।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'हम पोलैंड में एक स्थायी मुख्यालय, अमेरिकी पांचवीं सैन्य कोर स्थापित करने जा रहे हैं और पूरे पूर्वी क्षेत्र में अमेरिका-नाटो अंतर-सक्रियता को मजबूत कर रहे हैं।' बाइडन ने एक दिन पहले घोषणा की थी कि रोटा, स्पेन में अपने नौसैनिक केंद्र पर अमेरिका दो अतिरिक्त विध्वंसक पोत तैनात करेगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन की प्रतिबद्धता है कि यूरोप में अमेरिका के एक लाख से अधिक जवानों की मौजूदगी रहेगी। यह संख्या चार महीने पहले यूक्रेन पर रूस के हमले शुरू होने से पूर्व से करीब 20,000 बढ़ी है।

# देश में कोरोना के 18,819 नए मरीज

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में गुरुवार सुबह आठ बजे तक देश में कोरोना के 18,819 नए मरीज मिले हैं। इस अवधि में कोरोना महामारी को मात देने वाले लोगों की संख्या 13,827 है। जबकि कोरोना संक्रमित 39 मरीजों की मौत हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में कोरोना वायरस से ठीक होने वालों की कुल संख्या चार करोड़ 28 लाख 22 हजार 493 हो गई है। इस दौरान रिकवरी दर 98.55 प्रतिशत हो गई। फिलहाल देश में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर एक लाख चार हजार 555 पहुंच गई है। जबकि दैनिक संक्रमण दर 4.16 प्रतिशत है। आईसीएमआर के मुताबिक बीते 24 घंटों में 4 लाख 52 हजार से ज्यादा टेस्ट किये गये। अबतक कुल 86 करोड़ 23 लाख टेस्ट किए जा चुके हैं।

# कानपुर में साइबर ठगों ने दो को बनाया निशाना

## चार्टर्ड अकाउंटेंट और महाप्रबंधक के खाते से 12 लाख गायब

दर्पण न्यूज सर्विस

**कानपुर।** कानपुर में साइबर ठगों के हौंसले बढ़े हुए हैं। एक बार फिर दो लोगों के बैंक अकाउंट पर शातिरों ने डाका डाला है। चार्टर्ड अकाउंटेंट और पंजाब की टेक्सटाइल कंपनी के महाप्रबंधक के बैंक खातों से 12.90 लाख रुपये निकाल लिए। साइबर ठगों ने बर्रा दो में हेमंत विहार जेड-1 में रहने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट और पंजाब की टेक्सटाइल कंपनी के महाप्रबंधक के बैंक खातों से 12.90 लाख रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर मैसेज आने पर दोनों को जानकारी हुई। जिसके बाद बर्रा थाने में उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया है।




हेमंत विहार जेड-1 निवासी जलज अग्रवाल चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। उन्होंने बताया कि पांच जून की शाम को उनके मोबाइल पर दो मैसेज आए। पहला मैसेज बैंक आफ बड़ौदा की बर्रा शाखा से एक लाख रुपये कटने का था। कुछ ही देर बाद दूसरा मैसेज खाते से 8.91 लाख रुपये कटने का आया। दोनों मैसेज देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने अगले दिन बैंक जाकर मामले की जानकारी दी और सर्विलांस सेल में भी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद बुधवार को बर्रा थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया। वहीं, जलज अग्रवाल के पास में ही रहने वाले विकास त्रिपाठी ने बताया कि वह पंजाब की टेक्सटाइल कंपनी में महाप्रबंधक के पद पर हैं। उनकी 75 वर्षीय मां सुषमा त्रिपाठी का स्टेट बैंक आफ इंडिया विनोबा नगर शाखा में खाता है। खाते में उनका मोबाइल नंबर दर्ज है। सोमवार को मोबाइल पर एक लिंक और केवाइसी अपडेट करने का मैसेज आया। उन्होंने खाता न बंद हो जाए। इसलिए लिंक खोलकर केवाइसी के लिए सभी दस्तावेज सबमिट किए। इसबीच ओटीपी भी उसमें डाल दिए। कुछ ही देर में दो बार में खाते से 2.99 लाख रुपये कट गए। उन्होंने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# कांदिवली में एक ही घर में चार शव मिलने से दहशत



**मुंबई।** मुंबई के कांदिवली इलाके में दलवी अस्पताल के पास एक घर में चार शव मिलने से दहशत फैल गई। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि प्रेम प्रसंग में आरोपित ने तीन महिलाओं की गला घोंटकर हत्या की और इसके बाद आत्महत्या कर ली। कांदिवली पुलिस ने सभी शव अस्पताल भेज दिए हैं।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान किरण दलवी, मुस्कान दलवी, भूमि दलवी और शिवदयाल सेन के रूप में हुई है। शिवदयाल सेन की जेब से सुसाइड नोट मिला है। इस पत्र में लिखा गया है कि वह भूमि से प्यार कर रहा था, जबकि किरण तथा मुस्कान इसका विरोध कर रही थीं। इसी वजह से इन तीनों महिलाओं की हत्या कर वह आत्महत्या कर रहा है।

# चीन में कोरोना के मामलों में आ रही कमी, गर्मियों में फिर शुरू हो सकती है रेल सेवा

दर्पण न्यूज सर्विस

**बीजिंग।** चीन में अब कोरोना वायरस संक्रमण में कमी आ रही है। घटते मामलों को देखते हुए अब यहां तमाम प्रतिबंधों में भी ढील दी जा रही है। इस क्रम में यहां का डिजनी लैंड खुल गया है और उम्मीद है कि 1 जुलाई से रेल सेवा भी शुरू हो जाएगी। चीन में कोरोना मामलों में अब कमी देखी जा रही है। इस क्रम में महीनों से लगे कोविड-19 प्रतिबंधों में अब ढील दी जा रही है। यहां की रेल सेवा भी 1 जुलाई से शुरू हो सकती है। 31 अगस्त तक चीन के रेलवे नेटवर्क पर ट्रेनों द्वारा 520 मिलियन ट्रिप लगाए जाने की उम्मीद है। इस क्रम में यहां के नेशनल रेलवे नए स्टेशनों की भी शुरूआत कर रहा है जैसे झेंगझोउ-चोंगकिंग हाई-स्पीड रेलवे का शियांगवान सेक्शन (ल्लॅ६ल्ल शीुृ३ङ्गल्ल), जिझेंग हाई स्पीड रेलवे का फुजेंग सेक्शन, हेरुओ रेलवे और बीजिंग फेंगताइ स्टेशन।



बता दें कि कोविड-19 महामारी की शुरूआत भी चीन से ही हुई थी और दो-तीन महीनों में ही इसने पूरी दुनिया को अपने चपेट में ले लिया था। पिछले साल नेशनल रेलवे नेटवर्क पर गर्मियों के मौसम के दौरान कुल 462 मिलियन पैसेंजर ट्रिप लगे थे। उस दौरान कोरोना वायरस के अधिक संक्रामक डेल्टा वैरिएंट के कारण यात्रा सबसे अधिक प्रभावित रहा। इसके कारण देश में कोरोना संक्रमण को खत्म करने के लिए कई उपाय किए गए जिसमें लाखों लोगों के लिए कोरोना टेस्टिंग अभियान की भी शुरूआत हुई। यात्रा प्रतिबंध लगाए गए। कैटरिंग, ट्रांसपोर्टेशन सुविधा, इंटरटेनमेंट उद्योग सबसे अधिक प्रभावित हुआ था। बुधवार को बीजिंग ने कोविड-19 क्वारंटीन की आवश्यकताओं में कटौती कर दी और लोकल यात्राओं के दौरान मोबाइल एप अनिवार्य कर दिया।

# पेरिस आतंकी हमले के गुनहगार सलाह अब्देसलाम को उम्रकैद

दर्पण न्यूज सर्विस

**पेरिस।** फ्रांस की एक अदालत ने नवंबर 2015 में राजधानी पेरिस में आतंकी हमला करने के केस में मुख्य संदिग्ध सलाह अब्देसलाम को आतंकवाद और हत्या के आरोपों का दोषी पाया है। अदालत ने उसे फ्रांस के इतिहास की सबसे कड़ी सजा सुनाई है। सलाह अब्देसलाम को पूरी उम्र जेल में काटनी होगी। इस आतंकी हमले में 130 लोगों की मौत हुई थी। अदालत ने इस केस में 19 अन्य लोगों को भी गुनहगार ठहराया है। माना जा रहा है इनमें से छह की मौत हो चुकी है। पिछले नौ माह से पीड़ित, पत्रकार और मृतकों के परिजन पेरिस में इस मामले की सुनवाई के लिए विशेष तौर पर बनाए गए कोर्ट रूम में जुटते रहे हैं। इस हमले को फ्रांस के इतिहास में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से सबसे वीभत्स माना जाता है। 13 नवंबर, 2015 को फ्रांस में यह हमले बार, रेस्तरां, नेशनल फुटबॉल स्टेडियम और एक म्यूजिक वेन्यू सहित अलग-अलग स्थानों पर हुए थे। इनमें सैकड़ों लोग घायल भी हुए थे। मुकदमे की सुनवाई में अब्देसलाम ने खुद को आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट का 'सिपाही' बताया था। बाद में अब्देसलाम ने पीड़ितों से माफी मांगी और कहा वह हत्यारा नहीं है और उसे हत्या के आरोप में सजा देना अन्याय होगा। अब्देसलाम ने यह भी दावा किया था कि हमलों वाली रात उसने अपनी आत्मघाती जैकेट को न उड़ाने का फैसला किया था।

# बालटाल, पहलगाम आधार शिविर से 2,750 यात्रियों का पहला जत्था अमरनाथ रवाना

दर्पण न्यूज सर्विस

**जम्मू।** वार्षिक अमरनाथ यात्रा गुरुवार को पारम्परिक ढंग से शुरू हो गुई। सुबह 2,750 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था बालटाल तथा पहलगाम आधार शिविर से अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए रवाना हो गया। यह पवित्र स्थान दक्षिण कश्मीर के हिमालय में है। यहां प्राकृतिक रूप से हिम-शिवलिंग के दर्शन होते हैं।

इस जत्थे को उपायुक्त पीयूष सिंगला ने पहलगाम के नुनवान आधार शिविर से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस सफर के दौरान अधिकांश तीर्थयात्री पैदल मार्ग के साथ शीशनाग और पंचतरणी में रात को ठहरेंगे। यह यात्रा लगभग तीन दिन में पूरी



होती है। उपायुक्त सिंगला ने कहा कि 43 दिवसीय तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को जम्मू आधार शिविर से 4,890 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया था। इस बार श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने ऑनलाइन दर्शन की भी व्यवस्था की है। इस साल तीर्थयात्रा में सामान्य से अधिक लोगों के पहुंचने की उम्मीद है, क्योंकि अमरनाथ यात्रा तीन साल के अंतराल के बाद शुरू हुई है। 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधान को निरस्त करने से पहले यात्रा को बीच में ही रद्द कर दिया गया था। कोविड-19 महामारी के कारण 2020 और 2021 में यात्रा का आयोजन नहीं हो सका। तीर्थयात्रा मार्ग पर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। बालटाल और पहलगाम मार्ग पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। ड्रोन निगरानी और आरएफआईडी चिप्स भी तीर्थयात्रियों के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा है।

# अमेरिकी पॉप गायक आर केली को यौन अपराधों के लिए 30 साल कैद की सजा

दर्पण न्यूज सर्विस

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी पॉप गायक आर केली (रॉबर्ट सिल्वेस्टर केली) को महिलाओं और बच्चों के यौन शोषण के मामले दोषी ठहराए जाने के बाद 30 साल कैद की सजा सुनाई गई है। आर ऐंड डी संगीत शैली के कलाकार 55 वर्षीय आर केली को पिछले साल सितंबर में न्यूयॉर्क में यौन तस्करी से संबंधित अपराधों के लिए दोषी पाया ठहराया गया था। आर केली के वकील ने कहा था कि एक बार सजा सुनाए जाने के बाद वह आगे अपील करेंगे। बताया जा रहा है कि फैसला सुनाए जाते वक्त केली जेल की पोशाक और काले चश्मे में नजर आए। इस दौरान उन्होंने अपना सिर झुकाकर रखा। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के न्यायाधीश एन डोनेली ने फैसले में कहा



है कि आर केली ने सेक्स का उपयोग अपने एक हथियार के रूप में किया। उन्होंने पीड़ितों के साथ ऐसा बर्ताव किया जो कहने योग्य नहीं है और ये पीड़ित बाद में यौन संबंधित संक्रमित बीमारियों की चपेट में भी आए। अदालत में इस बात का भी खुलासा हुआ कि कैली ने गायिका आलिया से 1994 में उस समय शादी की थी, जब वह मात्र 15 साल की थीं।

**हकीकत** | लीक हुए दस्तावेज से चीन का असली चेहरा आया सामने

# उइगर मुस्लिमों के खिलाफ दमनकारी नीतियों से आखिरकार उठा पर्दा

दर्पण न्यूज सर्विस

**बीजिंग।** लीक दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि चीनी सरकार किस प्रकार से उइगरों के खिलाफ नरसंहार की योजना बनाती है। एक भाषण में कहा गया है कि चीनी सरकार उइगरों को गिरफ्तार कर अपराधों पर नकेल कसना नहीं बल्कि उइगरों को खत्म करना चाहती है।

चीन में उइगर मुस्लिमों पर कैसे जुल्म किए जाते हैं इससे अब पर्दा उठ गया है। शिनजियांग उइगर बहुसंख्यक क्षेत्र के नजरबंदी शिविरों से मिले लीक दस्तावेज इस बात का खुलासा करता है कि चीनी सरकार किस प्रकार से उइगरों के खिलाफ नरसंहार की योजना बनाती है। यह दस्तावेज शिनजियांग पुलिस की फाइलें बताई



जा रही है। रेडियो फ्री एशिया (आरएफए) के अनुसार इन फाइलों में 20,000 से अधिक हिरासत में लिए गए उइगरों के बारे में जानकारी है। दस्तावेजों में वअफ्के चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व सचिव चेन क्वांगुओ का मई 2017 का भाषण है। इस भाषण में उन्होंने कहा कि शिनजियांग में चीनी सरकार की कार्रवाई अपराधियों पर नकेल कसने का कार्य नहीं थी, बल्कि उइगर आबादी को खत्म करने की योजना थी। उन्होंने उइगरों को दुश्मन वर्ग भी कहा। क्वांगुओ ने इस भाषण में शिनजियांग पर शासन करने की राष्ट्रपति शी जिनपिंग की रणनीति का वर्णन भी किया। इसमें चीनी सरकार द्वारा निर्देशित उइगरों की कैद भी शामिल है। फाइलों के मुताबिक, क्वांगुओ ने अपने भाषण में जो निर्देश दिए थे वे चीन की केंद्र सरकार से मिले निर्देशों पर आधारित थे। अपने भाषण में चेन क्वांगुओ ने उइगरों को 'हानिकारक' लोगों के रूप में उल्लेख किया। इसमें कहा गया कि चीनी सरकार भी इन लोगों को 'आतंकवाद, हिंसा और 'जहर' के अतिवाद से ग्रसित मानती है। शिनजियांग पुलिस फाइलों और लीक दस्तावेजों में जानकारी से पता चलता है कि चेन उइगर परंपराओं और इस्लामी गतिविधियों को ही अपने भाषण में 'जहर' बताते हैं। अमेरिका में स्थित एक राजनीतिक विश्लेषक और विश्व उइगर कांग्रेस की कार्यकारी समिति के उपाध्यक्ष इलशात हसन कोकबोरे ने कहा कि चीनी सरकार द्वारा उइगरों को बड़े पैमाने पर मनमाने ढंग से हिरासत में लेना यह दर्शाता है कि कैसे इन लोगों के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से साजिश रची जा रही है। चेन के भाषण का एक अन्य महत्वपूर्ण हिस्सा उइगर परिवारों पर सरकारी नियंत्रण के विस्तार को बताता है। उन्होंने कहा कि उइगर समुदायों में बदलाव लाने और चीनी विचारों द्वारा उनके जीने के तरीके को आकार देने के लिए बीजिंग ने मुस्लिम जातीय अल्पसंख्यक पर राष्ट्रीय भाषा थोपी।

# स्वतंत्रता दिवस पर 75 प्रगतिशील महिला उद्यमियों को किया जाएगा सम्मानित : सिन्हा

दर्पण न्यूज सर्विस

**श्रीनगर।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि जम्मू कश्मीर में लाखों की तादाद में महिला उद्यमी अपनी प्रतिभा नवाचार और मेहनत से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में लगातार योगदान कर रही हैं। हमें इस पर गर्व है। महिलाओं में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनके योगदान के लिए इस वर्ष 15 अगस्त के अवसर पर 75 प्रगतिशील महिला उद्यमियों को भी सम्मानित किया जाएगा। यह घोषणा वीरवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू कश्मीर ग्रामीण आजीविका मिशन जेकेआरएलएम द्वारा शेरे कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित महिला उद्यमियों के एक सम्मेलन में की। उन्होंने इस अवसर पर पूरे प्रदेश में जिला ग्रामीण हाट की स्थापना का ई-नींव पत्थर भी रखा। जिला मुख्यालय पर स्थापित किए जाने वाले इन हाट में महिला



उद्यमियों और महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाया गया सामान बेचा जाएगा। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि जम्मू कश्मीर में लाखों की तादाद में महिला उद्यमी अपनी प्रतिभा, नवाचार और मेहनत से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में लगातार योगदान कर रही हैं। हमें इस पर गर्व है। उन्होंने कहा दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में महिला उद्यमी ही सामाजिक आर्थिक विकास के रथ को आगे बढ़ाते हुए सरकार को सामाजिक असंतुलण, असमानता को दूर करने में मदद करने के अलावा रोजगार सृजन में भी सहयोग कर रही हैं। महिलाओं की नेतृत्व कार्यकुशलता को प्रोत्साहित करने और उनमें उद्यमशीलता की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं और सुधारों का उल्लेख करते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा साथ, हौंसला, उम्मीद, तेजस्विनी जैसी योजनाओं ने ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के अभियान की एक मजबूत नींव तैयार की है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी, बाजार और वित्तीय समावेश महिला स्वयं सहायता समूहों को बदलने में व्यापक सहयोग कर रहा है। आज हमारे महिला स्वयं सहायता समूह और महिला उद्यमी गलाकाट प्रतिस्पर्धा वाले वैश्विक बाजार में न सिर्फ अपने उत्पादों के लिए एक अलग पहचान बना रही है बल्कि अन्य महिलाओं को भी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में सहयोग कर रही हैं।

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा : यात्रा में शामिल होने वालों को मिलता है असीम पुण्य



भारत देश के ओड़िशा राज्य के तटवर्ती शहर पुरी में भगवान जगन्नाथ का विशाल मंदिर है। जगन्नाथ मंदिर को हिन्दू धर्म में चार धाम से से एक माना गया है। यहाँ हर वर्ष भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है, जो भारत ही नहीं वरन विश्व प्रसिद्ध है। जगन्नाथपुरी को मुख्यतः पुरी के नाम से जाना जाता है। इस वर्ष भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 01 जुलाई को निकलेगी। जगन्नाथ रथ उत्सव 10 दिन का होता है, इस दौरान यहाँ देशभर से लाखों श्रद्धालु पहुँचते हैं। हिन्दू धर्म के अनुसार भगवान जगन्नाथ को श्रीकृष्णजी का अवतार माना गया है। जिनकी महिमा का उल्लेख धार्मिक ग्रंथों एवं पुराणों में भी किया गया है। ऐसी मान्यता है कि जगन्नाथ रथयात्रा में भगवान श्रीकृष्ण और उनके भाई बलराम और बहन सुभद्रा का रथ शामिल होता है, जो इस रथयात्रा के दौरान इसमें शामिल होकर रथ को खींचते हैं तो उन्हें सौ यज्ञ के जितना पुण्य मिलता है।

रथयात्रा के दौरान लाखों की संख्या में लोग शामिल होते हैं एवं रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगती है। जगन्नाथ यात्रा हिन्दू पंचाग के अनुसार आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को निकाली जाती है, जो इस वर्ष 1 जुलाई को निकलेगी। यात्रा में शामिल होने के लिए देश भर से श्रद्धालु यहां पहुँच रहें हैं।

### जगन्नाथपुरी की वार्षिक रथ यात्रा

मान्यताओं के अनुसार भगवान जगन्नाथ की बहन सुभद्रा ने एक दिन ने उनसे द्वारका के दर्शन करने की इच्छा जताई। तब भगवान जगन्नाथ ने सुभद्रा की इच्छा को पूरा करने के लिए उन्हें रथ में बैठाया और पूरे नगर का भ्रमण करवाया।

इसके बाद से जगन्नाथपुरी की रथयात्रा की शुरूआत हुई थी। इस मंदिर का वार्षिक रथ यात्रा उत्सव पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। इसमें मंदिर के तीनों मुख्य देवता यानी भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और भगिनी सुभद्रा तीनों की तीनों की ही अलग-अलग भव्य और सुसज्जित रथ यात्रा निकाली जाती है।यात्रा की शुरूआत सबसे पहले बलभद्र जी के रथ से होती है। उनका रथ तालध्वज के लिए निकलता है।

इसके बाद सुभद्रा के पद्म रथ की यात्रा शुरू होती है। सबसे अंत में भक्त भगवान जगन्नाथ जी के रथ ह्यनंदी घोषह्न को बड़े-बड़े रस्सों की सहायता से खींचना शुरू करते हैं। रथ यात्रा पूरी कर भगवान जगन्नाथ को उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मुख्य मंदिर से ढाई किमी दूर प्रसिद्ध गुंडिचा माता मंदिर पहुंचाया जाता हैं, जहां भगवान 7 दिनों तक आराम करते हैं। इसके बाद भगवान जगन्नाथ की वापसी की यात्रा शुरू होती है।

### रथ यात्रा का महत्व

मान्यता है कि इस दिन स्वयं भगवान जगन्नाथ पूरे नगर में भ्रमण करते हैं। यह भी माना जाता कि जो भक्त रथयात्रा के दौरान भगवान के दर्शन करते हैं और रास्ते की धूल में लेट-लेट कर यात्रा पूरी करते हैं उन्हें श्री विष्णु के उत्तम धाम की प्राप्ति होती है।

# रथयात्रा में नहीं होता श्रीकृष्ण की पत्नी रुक्मिणी का रथ

**उज्जैन।** इस बार जगन्नाथ रथयात्रा का आरंभ 1 जुलाई से होगा, जो 10 जुलाई तक चलेगा। ये दक्षिण भारत का सबसे विशाल आयोजन होता है। मान्यता है कि जो भी भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचता है वो जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त कर लेता है। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ के साथ-साथ बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र का रथ भी होता है, लेकिन उनकी पत्नी रुक्मिणी या प्रेयसी राधा का रथ नहीं होता। इसके परंपरा के पीछे एक कथा प्रचलित है, जो इस प्रकार है



### जब रात में श्रीकृष्ण ने लिया राधा का नाम

पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक बार भगवान श्रीकृष्ण अपने महल में सो रहे थे। समीप ही उनकी पत्नी रुक्मिणी भी सो रही थीं। तभी अचानक श्रीकृष्ण नींद में ही राधा का नाम लेने लगे। श्रीकृष्ण के मुख से राधा का नाम सुनकर रुक्मिणीजी को बहुत आश्चर्य हुआ। सुबह होते ही देवी रुक्मिणी ने यह बात अन्य पटरानियों को बताई और कहा कि ह्लहमारी इतने सेवा, प्रेम और समर्पण के बाद भी स्वामी राधा को याद करना नहीं भूलते।

### जब रानियों गई माता रोहिणी के पास

इस बात की शिकायत लेकर सभी रानियां माता रोहिणी के पास गईं और उनसे राधा और श्रीकृष्ण की लीला के बारे में जानना चाहा। रानियों के कहने पर माता रोहिणी ने उनकी बात तो मान ली, लेकिन यह शर्त रखी कि ह्लमैं जब तक श्रीकृष्ण-राधा के प्रसंग को सुनाऊं, तब तक कोई भी कमरे के अंदर नहीं आना चाहिए।ह्व रानियों उनकी ये शर्त मान ली और दरवाजे पर निगरानी के लिए श्रीकृष्ण की बहन सुभद्रा को दरवाजे पर खड़ कर दिया।

### जब श्रीकृष्ण, बलराम और सुभद्रा का शरीर गलने लगा

माता रोहिणी ने रुक्मिणी सहित अन्य रानियों को श्रीकृष्ण-राधा की लीला सुनानी शुरू की। तभी सुभद्रा ने देखा कि बलराम और श्रीकृष्ण माता के कमरे की ओर आ रहे हैं। सुभद्रा ने बहाने से उन्हें माता के कमरे में जाने से रोका लेकिन बाहर खड़े होकर भी श्रीकृष्ण, बलराम और सुभद्रा को रासलीला के प्रसंग सुनाई दे रहे थे। वे तीनों इन प्रसंगों में इतने भाव विभोर हो गए कि उनके शरीर गलने लगे। भगवान श्रीकृष्ण के सुदर्शन चक्र ने गलकर लंबा आकार ले लिया।

### नारद ने की इसी रूप में दर्शन देने की प्रार्थना

रासलीला के प्रसंग सुनकर जब श्रीकृष्ण, बलराम और सुभद्रा के शरीर गलने लगे तभी वहां से देवर्षि नारद का गुजरना हुआ। वह भगवान श्रीकृष्ण, बलराम और सुभद्रा के इस रूप से देखकर अभिभूत हो गए। नारद मुनि ने तीनों से प्रार्थना की कि ह्लमैंने अभी आपके जिस रूप में देखा है, उसी रूप में में आप कलयुग में सभी भक्तों को दर्शन दें। भगवान ने उनकी बात मान ली। यही कारण है भगवान जगन्नाथ को श्रीकृष्ण और राधा का स्वरुप मानकर उनके साथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की अधूरी बनी लकड़ी की प्रतिमाओं के साथ रथयात्रा निकालने की परंपरा है।

# पांच राशियों पर मेहरबान रहती हैं धन की देवी लक्ष्मी, कभी नहीं होती धन-दौलत की कमी

**हिंदू धर्म में माता लक्ष्मी को धन की देवी कहा जाता है। कहा जाता है कि जिस घर में माता लक्ष्मी का वास होता है वहां कभी भी धन-धान्य की कमी नहीं होती है। जीवन में हमेशा सुख-शांति बनी रहती है।**



इसके अलावा ज्योतिष के अनुसार, कुछ राशियां बेहद भाग्यशाली होती हैं। इन राशियों पर हमेशा मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। इन राशि के लोगों को जीवन में किसी चीज की कोई कमी नहीं रहती।

**सिंह राशि** :सिंह राशि के लोगों पर भी मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। इस राशि के जातक बेहद मेहनती होते हैं और मेहनत के दम पर ही हर कार्य में सफलता पाते हैं। इन लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। किस्मत भी हर मोड़ पर इनका साथ देती है।

**मिथुन राशिः** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मिथुन राशि के लोग किस्मत के धनी होते हैं। इसके ऊपर हमेशा मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। धन-दौलत की इन्हें कोई कमी नहीं रहती। आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है। साथ ही इस राशि के लोग काफी मेहनती भी होते हैं। अपनी मेहनत की वजह से हर कार्य में सफलता पाते हैं और समाज में खूब मान-सम्मान मिलता है।

**तुला राशिः** तुला राशि के जातक मेहनती और आकर्षक के होते हैं। इनकी सबसे बड़ी खासियत ये होती है कि पहली ही नजर में किसी को भी अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं। जिस कार्य में हाथ डालते हैं उसमें सफलता ही पाते हैं। मां लक्ष्मी की कृपा से इनका जीवन खुशियों से भरा होता है।

**धनु राशिः** धनु राशि के लोग हर कार्य में निपुण होते हैं। इतना ही नहीं इनके कार्य करने की शैली से इनके कार्यों की प्रशंसा हर जगह की जाती है। इन लोगों को जीवन के हर मोड़ पर किस्मत का साथ मिलता है। ये लोग धन की देवी लक्ष्मी और शुक्र देव की कृपा से खूब पैसा कमाते हैं।

**मीन राशिः** मीन राशि के लोग मेहनती होते हैं। इन आर्थिक पक्ष बेहद मजबूत होता है। इनकी खासियत ये होती है कि ये लोग ये स्वभाव से ईमानदार और दयालु होते हैं। परिश्रम के दम पर हर कार्य में सफलता पाते हैं और किस्मत के धनी होते हैं।

# एक साथ कई ग्रहों के रत्न पहनने से बचना चाहिए

ज्योतिष अनुसार रत्नों का संबंध ग्रहों से माना जाता है। रत्न ग्रहों की स्थिति में सुधार करके उनके शुभ प्रभावों में बढ़ोतरी करते हैं। कुंडली में ग्रहों की स्थिति को ठीक करने के लिए ज्योतिष रत्न धारण करने की सलाह देते हैं। नीलम, हीरा, पन्ना, पुखराज, मूंगा समेत हर रत्न का किसी न किसी ग्रह के लिए पहना जाता है। ध्यान रखें कि रत्न कभी बिना ज्योतिष सलाह के धारण न करें। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि कुछ रत्न एक साथ नहीं पहने जाते हैं। जानिए ये कौन से रत्न हैं।

- एक साथ कई ग्रहों के रत्न पहनने से बचना चाहिए। इससे मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। मोती रत्न के साथ हीरा, पन्ना, लहसुनिया, नीलम और गोमेद धारण नहीं करना चाहिए। कहते हैं इससे कुंडली में चंद्रमा का बुरा प्रभाव शुरू हो जाता है। जिससे व्यक्ति को कई प्रकार की मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।
- पन्ना बुध ग्रह का रत्न माना जाता है। इसके साथ पुखराज, मूंगा और मोती धारण करने से बचें। ज्योतिष अनुसार पन्ना रत्न के साथ इन रत्नों को पहनने से फायदा होने की बजाय आपको नुकसान हो सकता है। ये रत्न एक साथ धारण करने से आर्थिक तंगी तक का सामना करना पड़ सकता है।
- लहसुनिया रत्न की बात करें तो इस रत्न के स्वामी ग्रह केतु हैं। इसके साथ कभी भी मोती, माणिक्य, पुखराज या मूंगा धारण नहीं करना चाहिए। क्योंकि ये रत्न एक साथ पहनने से पारिवारिक और आर्थिक जीवन में परेशानियां बढ़ सकती हैं। अगर इन रत्नों को एक साथ पहनने की सोच रहे हैं तो किसी अच्छे ज्योतिषाचार्य की सलाह जरूर ले लें। नीलम रत्न की बात करें तो इसके साथ कभी भी माणिक्य, मूंगा, पुखराज और मोती धारण नहीं करना चाहिए। इससे कुंडली में शनि ग्रह की स्थिति बिगड़ सकती है। जिससे कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

# मंदिर जाने से मिलती है मानसिक शांति

हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पूजा-पाठ को बहुत महत्व दिया गया है और यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। वहीं घर में पूजा-पाठ करने के अलावा मंदिर में जाकर भगवान के दर्शन और प्रार्थना को भी बहुत लाभदायी माना जाता है। लेकिन आजकल बहुत से लोग अपनी व्यस्त दिनचर्या के कारण घर पर ही पूजा कर लेते हैं लेकिन मंदिर नहीं जाना हो पाता और जाते भी हैं तो किसी विशेष पर्व या त्यौहार पर अथवा किसी मन्नत मांगने।

हालांकि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रोजाना मंदिर जाने को बहुत ही लाभकारी माना गया है और जो लोग नियमित मंदिर जाते हैं वे इसके फायदे जरुर जानते होंगे। तो आइए जानते हैं मंदिर जाने के फायदे और इससे जुड़े नियमों के बारे में...



### मंदिर जाने के लाभ

मंदिर के धार्मिक और सकारात्मक वातावरण में व्यक्ति एकाग्र होकर ईश्वर की प्रार्थना करता है और जिससे उसके मन को शांति मिलती है। वहीं माना जाता है कि भगवान पर आस्था और विश्वास से मनुष्य के भीतर बड़ी से बड़ी समस्याओं से लड़ने की शक्ति पैदा होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मंदिरों में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा करवाई जाती है जिसके कारण मान्यता है कि मूर्तियों में साक्षात भगवान वास करते हैं। मंदिरों का निर्माण वास्तु शास्त्र के अनुसार होने तथा मंदिरों में धूप-दीप प्रज्वलन, शंख-घंटियों की ध्वनि से वातावरण की शुद्धि हो जाती है। जिससे मंदिर में नकारात्मक ऊर्जा दूर होकर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। ऐसे में मंदिर जाने से आपके भीतर भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है जिससे आपको मानसिक शांति प्राप्त होती है।

### नियमों की अनदेखी ना करें

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मान्यता है कि मंदिर के भीतर कभी भी बिना स्नान किए और नीले या काले रंग के कपड़े पहनकर जाना शुभ नहीं होता। इसके अलावा मंदिर में प्रवेश करते समय कभी भी खुले सर नहीं जाना चाहिए। पुरुषों को अपने सिर को रुमाल या गमछे से और महिलाओं को दुपट्टे से या साड़ी के पल्लू से ढककर जाना चाहिए।

## आज का राशिफल


**मेष** : विवाहेत्तर सम्बन्धों को लेकर थोड़े असहज हो सकते हैं। दिन की शुरूआत थोड़ी कमजोर रहने वाली है। टालमटोल की प्रवृत्ति के कारण काम बिगड़ सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में कठिनाई का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। आपके जीवन में कुछ बदलाव आने की सम्भावना है।


**वृषः** पेन्डिंग कार्यों को पूरा करने के लिये दिन शानदार है। धन सम्बन्धित परेशानियाँ सुलझ सकती हैं। सीनियर्स आपके काम की प्रशंसा करेंगे। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। महत्वपूर्ण स्किल्स को आप सीखने की कोशिश कर सकते हैं।


**मिथुनः** अपने विचारों को सकारात्मक बनाये रखें। शाम के समय परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे। कार्यक्षेत्र की राजनीति से दूर रहें। आशा के अनुरूप परिणाम न मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा। एसिडिटी और सिरदर्द की समस्या बढ़ सकती है।


**कर्कः** जॉब में बदलाव को लेकर जल्दबाजी न करें। प्रभावशाली लोगों के सम्पर्क में आयेंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा। कार्यक्षेत्र के उलझे हुये मामले सुलझ सकते हैं।


**सिंह** : विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने का प्रयास करें। जिन लोगों का वजन बढ़ा हुआ है उनको स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। ऐश्वर्य के साधनों पर धन खर्च होगा। आज आप आराम के मूड में रहेंगे। वैवाहिक जीवन में तनाव रहने की आशंका है।


**कन्या** : तकनीकी सम्बन्धी परेशानियों का निवारण होगा। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। प्रेम सम्बन्धों में निकटता बढ़ेगी। सन्तान को लेकर परेशानियों का निवारण होगा। परिजनों के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। आज मूवीज और मनोरञ्जन में समय बीत सकता है।


**तुलाः** जॉब में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिये गये निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। पार्टनर के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। मन की चंचलता दूर होगी। बच्चों के साथ समय बिताना अच्छा रहेगा।


**वृश्चिकः** आपका मन शान्त रहेगा। धन सम्बन्धित समस्या सुलझ सकती है। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नये साधनों में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आये खर्चों में कमी आयेगी। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं।


**धनुः** मानसिक रूप से अशान्त महसूस करेंगे। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीनभावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। दौड़धूप के कारण आपको समस्या होगी। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है।


**मकरः** रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। शेयर मार्केट में बड़ी धनराशि निवेश कर सकते हैं। इससे आपको बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है।


**कुंभः** व्यापार में सहकर्मियों पर ज्यादा विश्वास न करें। गृहस्थ जीवन काफी सुखमय रहेगा। अटके हुये काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। आज आप सभी कार्य सम्भल कर करेंगे। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें।


**मीनः** बेवजह की चचाओं और विवादों से दूर रहें। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियों बढ़ेंगी। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर विभिन्न जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ेगा। कब्ज और बवासीर जैसे रोगों से पीड़ित जातकों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा।

# कोल्हापुर मंदिर में मां लक्ष्मी की 40 किलो की प्रतिमा 7,000 वर्ष पुरानी है



मां लक्ष्मी का एक प्राचीन मंदिर महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में स्थित है। इसका नाम महालक्ष्मी मंदिर है। मान्यता के अनुसार, इस मंदिर का निर्माण चालुक्य शासक कर्णदेव ने 7वीं शताब्दी में करवाया था। इसके बाद इस मंदिर का पुनर्निर्माण शिलहार यादव ने 9वीं शताब्दी में करवाया था। बता दें कि महालक्ष्मी मंदिर के मुख्य गर्भगृह में मां लक्ष्मी की 40 किलो की प्रतिमा स्थापित है। इस मूर्ति की लंबाई 4 फीट है। यह करीब 7,000 वर्ष पुरानी है।

ऐसी मान्यता है कि देवी सती के इस स्थान पर तीन नेत्र गिरे थे। यहां भगवती महालक्ष्मी का निवास माना जाता है। इस मंदिर की एक खासियत यह भी है कि वर्ष में एक बार मंदिर में मौजूद देवी की प्रतिमा पर सूर्य की किरणें सीधे पड़ती हैं। कहा जाता है कि महालक्ष्मी अपने पति तिरुपति यानी विष्णु जी से रूठकर कोल्हापुर आईं थीं। यही कारण है कि तिरुपति देवस्थान से आया शाल उन्हें दीपावली के दिन पहनाया जाता है। यह भी कहा जाता है कि किसी भी व्यक्ति की तिरुपति यात्रा तब तक पूरी नहीं होती है जब तक व्यक्ति यहां आकर महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना ना कर ले। यहां पर महालक्ष्मी को अंबाबाई नाम से भी जाना जाता है। दीपावली की रात मां की महाआरती की जाती है।

## महालक्ष्मी मंदिर की प्रचलित कथा

केशी नाम का एक राक्षस था जिसके बेटे का नाम कोल्हासुर था। कोल्हासुर ने देवताओं को बहुत परेशान कर रखा था। इसके अत्याचारों से परेशान होकर सभी देवगणों ने देवी से प्रार्थना की थी। तब महालक्ष्मी ने दुर्गा का रूप धारण किया और ब्रह्मशस्त्र से कोल्हासुर का सिर धड़ से अलग कर दिया। लेकिन कोल्हासुर ने मरने से पहले मां से एक वरदान मांगा। उसने कहा कि इस इलाके को करवीर और कोल्हासुर के नाम से जाना जाए। यही कारण है कि मां को यहां पर करवीर महालक्ष्मी के नाम से जाना जाता है। फिर बाद में इसका नाम कोल्हासुर से कोल्हापुर किया गया।

## जानें मंदिर की बनावट के बारे में

इस मंदिर में दो मुख्य हॉल हैं जिसमें पहला दर्शन मंडप और दूसरा कूर्म मंडप है। दर्शन मंडप हॉल की बात करें तो यहां श्रद्धालु जन माता के दिव्य स्वरूप का दर्शन करते हैं। वहीं, कूर्ममंडप में भक्तों पर पवित्र शंख द्वारा जल छिड़का जाता है। यहां मौजूद माता की प्रतिमा के चार हाथ हैं और उनके हाथों में शंख, चक्र, गदा और कमल का पुष्प है। मां चांदी के भव्य सिंहासन पर विराजमान हैं। इनका छत्र शेषनाग का फन है। मां को धन-धान्य और सुख-संपत्ति की अधिष्ठात्री माना जाता है।

# एक नारीयल से दूर हो सकते हैं जीवन के सभी कष्ट

सनातन धर्म में पूजा-पाठ जैसे अन्य मांगलिक कार्यक्रमों में श्रीफल यानी नारियल को बहुत शुभ माना जाता है। पौराणिक मान्यता है कि श्रीफल मां लक्ष्मी का प्रतीक है। वहीं धार्मिक मान्यताओं के अनुसार किसी कार्य को करने से पहले नारियल तोड़ने की भी परंपरा है, ताकि कार्य बिना किसी विघ्न के संपन्न हो। ज्योतिष शास्त्र में भी नारियल के कई उपाय बताए गए हैं जो आपके जीवन के सभी कष्टों और कुंडली में नवग्रहों के दोषों से मुक्ति दिला सकते हैं। तो आइए जानते हैं जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति के लिए नारियल के कौन से उपाय प्रभावकारी माने गए हैं...

### कार्य सिद्धि के लिए

यदि आपके घर में हर समय कार्यों में कोई ना कोई अड़चन आती रहती है और नकारात्मक ऊर्जा का वास है तो अपने घर के मुख्य दरवाजे के अंदर की तरफ नारियल को एक लाल रंग के कपड़े में बांधकर टांग दें। मान्यता है कि इस उपाय को करने से घर की सभी नकारात्मक शक्तियां दूर होती है और जीवन में सुख-सौभाग्य बना रहता है।

### कारोबार में सफलता के लिए

जिन लोगों को अपने कारोबार और करियर में तरक्की हासिल नहीं हो पा रही है वे लोग गुरुवार को नारियल, पीले फूल, हल्दी का टुकड़ा, पीले रंग की कोई मिठाई और जनेऊ इन सभी सामग्रियों को एक पीले कपड़े में रखकर भगवान विष्णु को चढ़ा दें। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस उपाय को करने से भगवान विष्णु के साथ-साथ माता लक्ष्मी की भी कृपा बरसती है।

### सुखी वैवाहिक जीवन के लिए

गृह क्लेश से मुक्ति पाने और वैवाहिक जीवन में सुख-शांति बनाए रखने के लिए घर में एकाक्षी नारियल लाकर उसे घर के पूजा स्थल में रख लें। फिर रोजाना इसकी पूजा करें। मान्यता है कि एकाक्षी नारियल की पूजा करने से वैवाहिक सुखों में वृद्धि होती है और पति-पत्नी के बीच आपसी तालमेल तथा प्रेम बना रहता है।



### शनि दोष से मुक्ति के लिए

कुंडली में यदि शनि ग्रह अशुभ स्थिति में है तो जीवन में कई शारीरिक, मानसिक और आर्थिक कष्टों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शनिवार को किसी नदी में भगवान हनुमान के 'ओम रामदूताय नमः' मंत्र का जाप करते हुए एक नारियल को प्रवाहित कर दें और फिर मन में संकटों से मुक्ति पाने की प्रार्थना करेंगे। इस उपाय से शनि के कष्टों से मुक्ति मिलती है।

**आवश्यक सूचना**

दैनिक सिटी दर्पण में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों के संबंध में हमारा कोई दायित्व नहीं हैं। हमारा समाचार पत्र उनके दावों को सत्यापित नहीं करता। हमारी पाठकों को सलाह है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

# विश्व कप में हम पदक जीतने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे : गुरजीत कौर

## कहा, नीदरलैंड विश्व स्तरीय खिलाड़ी पैदा करता है



दर्पण न्यूज सर्विस

**एम्स्टर्डम।** भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम आगामी 2022 महिला हॉकी विश्व कप में पोडियम फिनिश करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2022 हॉकी ते चर्चा के विशेष एपिसोड में डिफेंडर गुरजीत कौर ने भारतीय टीम की तैयारियों और प्रतिष्ठित आयोजन की संभावनाओं के बारे में खुलकर बात की।

एम्स्टर्डम में भारतीय शिविर के मूड के बारे में पूछे जाने पर, करिश्माई ड्रैग-फ्लिकर ने कहा, हां, हम यहां आकर रोमांचित हैं। यह मेरा दूसरा विश्व कप मैच है। इसलिए, ईमानदारी से कहूं तो मैं इस बार हर पल का स्वाद चखने की उम्मीद कर रही हूं और, संक्षेप में, हम सभी यहां आकर खुश हैं। गुरजीत ने 2022 महिला हॉकी विश्व कप से पहले नीदरलैंड में मूड के बारे में कहा,हॉकी नीदरलैंड में एक प्रमुख खेल है। इस देश में बहुत सारे लोग हॉकी खेलते हैं। हम एक दिन मैदान में गए और कई युवा खिलाड़ियों को हॉकी खेलते हुए देखा; शायद यही कारण है कि नीदरलैंड इतने सारे विश्व स्तरीय खिलाड़ी पैदा करता है। गुरजीत ने हाल ही में भारतीय टीम द्वारा किए गए सुधारों पर भी प्रकाश डाला, खासकर 2020 टोक्यो खेलों के बाद से। उन्होंने कहा, टोक्यो खेलों के बाद से हमने बहुत प्रगति की है। हां, हमने टोक्यो में पदक नहीं जीता, लेकिन हमने वहां शानदार प्रदर्शन किया। इसलिए, निश्चित रूप से, उस प्रदर्शन ने हमारे मनोबल को बढ़ाया है। गुरजीत विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम को लेकर भी उत्साहित थीं। उन्होंने कहा, हमने विश्व कप से पहले बहुत सारे अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। कई टूर्नामेंट थे, और पहली बार, हमने एफआईएच हॉकी महिला प्रो लीग में भाग लिया। इसलिए, निश्चित रूप से, इन सभी खेलों ने मदद की है हमने अपने खेल और आत्मविश्वास दोनों में सुधार किया है। उन्होंने कहा, हर कोई प्रशिक्षण में बहुत प्रयास कर रहा है, क्योंकि हम सभी इस विश्व कप में पदक जीतना चाहते हैं। और, हाँ, हम वास्तव में इस आयोजन के लिए बहुत उत्साहित हैं और हम यहां पोडियम पर समाप्त करने के लिए जो कुछ भी करना चाहते हैं वह सब कुछ करेंगे। भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप में पूल बी में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और चीन के साथ रखा गया है। भारत अपने टूनामेंट के पहले मैच में 3 जुलाई को इंग्लैंड से भिड़ेगा।

## 'धरती के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी भारत के पास'

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के खिलाफ एक मात्र टेस्ट मैच में खेला है। टीम इंडिया को उस इंग्लैंड के साथ खेलना है जिसने अभी अपने घर पर न्यूजीलैंड का क्लीन स्वीप किया है। भारतीय टीम को इस मुकाबले से पहले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने उल्टा अपनी टीम को ही सावधान किया है। उनका कहना है कि न्यूजीलैंड के उलट टीम इंडिया स्टार खिलाड़ियों से भरी है जिससे मुश्किल चुनौती मिलने वाली है। पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने कहा, भारतीय गेंदबाजों को इस बात से कोई भी दिक्कत नहीं होने वाली है कि इंग्लैंड के बल्लेबाज आकर बल्ला भांजते हुए तेज रन बनाने की कोशिश करेंगे। रवि जडेजा एक बहुत ही कमाल के स्पिनर हैं जब लोग उनके पीछे पड़ते हैं और आप इस बात को लेकर आश्वस्त रह सकते हैं कि जसप्रीत बुमराह इस चीज को एक मौके के तौर पर देखेंगे।₹ पूर्व कप्तान ने भारत की बल्लेबाजी पर बात करते हुए टीम के बड़े नाम गिनाए और कहा मेजबान को सावधान रहना होगा, इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ बहुत ही कमाल रही थी लेकिन एक बल्लेबाज क्रम जिसमें रोहित शर्मा (जिनके उपलब्ध रहने की उम्मीद जताई जा रही है) चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली और लिस्ट में और भी नाम हैं ये सभी अलग ही तरह के खिलाड़ी हैं।

# रोहित शर्मा ने 2019 विश्व कप में जड़ा था तीसरा शतक



दर्पण न्यूज सर्विस

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए आज का दिन काफी यादगार है। तीन साल पहले, आज ही के दिन 30 जून 2019 को भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने 2019 एकदिवसीय विश्व कप में अपना तीसरा शतक बनाया था।

इंग्लैंड के खिलाफ 338 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित ने 109 गेंदों पर 102 रन बनाए, जिसमें 15 चौके शामिल थे। दुर्भाग्य से टीम इंडिया यह मैच 31 रनों से हार गई थी।

इसके अलावा, बल्लेबाज ने उसी टूनामेंट में चार और शतक भी जड़े और विश्व कप के एक संस्करण में पांच शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने।

रोहित ने न केवल श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा के एक वनडे विश्व कप में सर्वाधिक शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ा, बल्कि विश्व कप के इतिहास में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक शतकों के रिकॉर्ड की भी बराबरी की। रोहित ने 2019 विश्व कप में सिर्फ नौ मैचों में 81.00 के औसत के साथ 648 रन बनाए। वह टूनामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, इंग्लैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ शतक बनाए।

इंग्लैंड के खिलाफ मैच की बात करें तो इस मैच में जॉनी बेयरस्टो द्वारा 109 गेंदों में बनाए गए 111 रनों की बदौलत इंग्लैंड ने 337 रन बनाए। मोहम्मद शमी भारत के लिए पांच विकेट झटके।

बाद में दूसरी पारी में, रोहित के एक शतक के बाद भी भारतीय टीम 306 रन ही बना सकी और 31 रन से मैच हार गई। इंग्लैंड के लिए लियाम प्लंकेट और क्रिस वोक्स ने क्रमशः तीन और दो विकेट झटके।

# भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के स्पोर्ट स्टॉफ के सदस्य पर खिलाड़ी के साथ दुर्व्यवहार का आरोप



दर्पण न्यूज सर्विस

**नई दिल्ली।** इस साल के अंत में फीफा अंडर-17 विश्व कप में खेलने की तैयारी कर रही भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के सपोर्ट स्टॉफ के एक सदस्य को एक खिलाड़ी के साथ कथित दुर्व्यवहार के लिए यूरोप के दौरे से भारत वापस भेज दिया गया है। हालांकि सदस्य ने इस मामले में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है, लेकिन नाबालिग फुटबॉलर के मोबाइल फोन पर आपत्तिजनक तस्वीरें और चैट पाए गए थे। एक रिपोर्ट के अनुसार अंडर-17 टीम के पिछले बैच के सदस्यों द्वारा भी उक्त सदस्य के खिलाफ इसी तरह के कदाचार की मौखिक शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। वहीं, इस पूरे मामले पर अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) ने इस पूरे मामले पर अपना स्पष्टीकरण दिया है। एआईएफएफ ने एक आधिकारिक बयान में कहा, वर्तमान में यूरोप दौरे पर गई अंडर-17 महिला टीम में दुराचार के घटना की सूचना मिली है।

एआईएफएफ अनुशासनहीनता पर जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन करता है। प्रारंभिक कार्रवाई के रूप में, फेडरेशन ने आगे की जांच लंबित व्यक्ति को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। एआईएफएफ ने संबंधित व्यक्ति को टीम के साथ सभी संपर्क बंद करने, तुरंत भारत लौटने और उसके आने पर आगे की जांच के लिए उपस्थित रहने के लिए कहा है। बता दें कि भारत पिछले हफ्ते चार देशों के अंडर-17 टूनामेंट में इटली से 0-7, चिली से 1-3 और मैक्सिको से 0-2 से हार गया था। वे इस साल के अंत में फीफा अंडर -17 विश्व कप की तैयारी के तहत नॉर्वे का दौरा करेंगे, जहां उन्हें ग्रुप ए में ब्राजील, यूएसए और मोरक्को के साथ रखा गया है।

# पीवी सिंधु मलेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंची



दर्पण न्यूज सर्विस

**कुआलालंपुर।** भारत की स्टार महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने गुरुवार को मलेशिया ओपन टूनामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सिंधु ने प्री क्वार्टरफाइनल में थाईलैंड की फिट्टायापोर्न चाइवान के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने चाइवान को 19-21, 21-9, 21-14 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोर्ट 1 पर खेलते हुए, सिंधु ने मैच में थाईलैंड की चाईवान के खिलाफ कड़ी परीक्षा ली। सिंधु पहला गेम 19-21 से हार गईं। मैच के दूसरे गेम में सिंधु ने शानदार वापसी करते हुए 21-9 से जीत दर्ज की और अपने प्रतिद्वंद्वी पर पूरी तरह हावी रहीं। मैच के तीसरे गेम में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने बढ़त बनाई और 21-14 से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त ताई जु-यिंग से होगा। बाद में, एचएस प्रणय ने विश्व के चौथे नंबर के चीनी ताइपे के खिलाड़ी चाउ तिएन-चेन को सीधे गेमों में 21-15, 21-17 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

# भारतीय हॉकी टीम के दो खिलाड़ी और स्पोर्ट स्टॉफ के तीन सदस्य हुए कोरोना संक्रमित



दर्पण न्यूज सर्विस

**नई दिल्ली।** क्रिकेट के बाद अब कोरोना का साया हॉकी पर भी पड़ गया। भारतीय हॉकी टीम के दो खिलाड़ी और सपोर्ट स्टॉफ के तीन सदस्य कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। हालांकि खिलाड़ियों के नाम का खुलासा नहीं किया गया है।

हॉकी इंडिया ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ह्ल राष्ट्रमंडल खेल 2022 की तैयारी कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम के दो खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के तीन सदस्यों को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। बुधवार सुबह आरटीपीसीआर की जांच की गई। उनमें हल्के लक्षण हैं और उन्हें आइसोलेट कर दिया गया है।

बता दें कि इंग्लैंड के बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के लिए टीम के प्रस्थान से पहले बेंगलुरू के साई केन्द्र में 31 भारतीय खिलाड़ियों का शिविर चल रहा है, जो 23 जुलाई को समाप्त होगा। मनप्रीत सिंह की अगुआई वाला भारत घाना के खिलाफ 31 जुलाई को अपने अभियान की शुरूआत करेगा। पूल बी में शामिल भारत राउंड-रॉबिन लीग मैचों में मेजबान इंग्लैंड, कनाडा और वेल्स से भी भिड़ेगा। **शिविर शामिल खिलाड़ी इस प्रकार हैं:** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, पवन, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह,जरमनप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, शमशेर सिंह, विवेक सागर प्रसाद, आकाशदीप सिंह, नीलकांत शर्मा, गुरजंत सिंह, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, गुरसाहिबजीत सिंह, मंदीप मोर, संजय, मोहम्मद राहील मौसेन, सुमित, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, गुरिंदर सिंह, जसकरण सिंह, आशीष कुमार टोपनो और शिलानंद लाकड़ा।

# 15 जुलाई तक एलआईसी कर सकती है कंपनी की पूंजी का खुलासा

दर्पण न्यूज सर्विस

**नई दिल्ली।** एलआईसी ने कहा है कि वह अपने एंबेडेड वैल्यू का निर्धारण जल्द से जल्द करने की कोशिश कर रही है। वैल्यूएशन हो जाने के बाद इसको मंजूरी के लिए सरकार के पास भेजा जाएगा और इसके बाद सार्वजनिक कर दिया जाएगा। लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ने कहा कि वह मार्च 2022 तक की अपनी एंबेडेड वैल्यू का आकलन कर रही है और इसके 15 जुलाई तक पूरा होने की उम्मीद है। एलआईसी ने एक बयान में कहा है कि एंबेडेड वैल्यू का निर्धारण हो जाने पर आवश्यक मंजूरी के बाद इसको सार्वजनिक कर दिया जाएगा। एम्बेडेड वैल्यू, किसी भी बीमा कंपनी की वैल्यू आंकने का पैमाना होता है। यह जीवन बीमा कारोबार में शेयरधारकों के शेयर वैल्यू को जानने का जरिया भी है। यह बीमा व्यवसाय में कुल जोखिम के लिए सुरक्षित रखे गए फंड के अलावा आवंटित संपत्ति से होने वाली आय में शेयरधारकों के हितों का प्रतिनिधित्व करता है। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय फर्म मिलिमन एडवाइजर्स द्वारा 30 सितंबर, 2021 को एलआईसी का एंबेडेड मूल्य लगभग 5.4 लाख करोड़ आंका गया था। कंपनी की वैल्यूएशन के लिए एंबेडेड वैल्यू जरूरी है। पिछले महीने एलआईसी के सबसे बड़े आईपीओ के माध्यम से सरकार ने इस बीमा कंपनी में अपनी 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी को काम करके लगभग 20,500 करोड़ रुपये जुटाए। लिस्टिंग के बाद स्टैंडअलोन आधार पर मार्च 2022 को समाप्त तिमाही में एलआईसी के शुद्ध लाभ में 18 फीसद की गिरावट हुई और यह 2,371.55 करोड़ रुपये रह गया।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर, कच्चा तेल 116 डॉलर प्रति बैरल पार



दर्पण न्यूज सर्विस

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल कीमत 116 डॉलर प्रति बैरल पार पर बनी हुई है। घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने दोनों ईंधन की कीमत में 40वें दिन भी कोई फेरबदल नहीं किया है। राजधानी दिल्ली में गुरुवार को पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल का भाव 109.27 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.84 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 106.03 रुपये प्रति लीटर है, जबकि डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 102.63 रुपये प्रति लीटर है, जबकि डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है।

इसके अलावा देश के अन्य प्रमुख शहरों नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.96 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, लखनऊ में पेट्रोल का दाम 96.57 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल का भाव 89.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.04 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। हालांकि, पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में पिछले कई दिनों से उतार-चढ़ाव का सिलसिला लगातार जारी है। हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 116.62 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, डब्ल्यूटीआई क्रूड 110.24 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर

# मुकेश अंबानी ने पिता की गलती से लिया सबक

## बच्चों के बीच संपत्ति के बंटवारे को लेकर बनाया प्लान

दर्पण न्यूज सर्विस

**नई दिल्ली।** लगभग 13 साल पहले अरबपति मुकेश अंबानी और उनके छोटे भाई अनिल के बीच धीरूभाई अंबानी की वसीयत को लेकर बड़ा विवाद हुआ था। कई दिनों तक यह मामला कोर्ट में भी चला था। धीरूभाई अंबानी की पत्नी कोकिलाबेन को भी कई बार बीच-बचाव करने के लिए सामने आना पड़ा था। बच्चों को उस दौर से ना गुजरना पड़े, इसके लिए मुकेश अंबानी ने समय रहते एक महत्वपूर्ण फैसला किया है। उन्होंने बच्चों में अपने साम्राज्य का बराबर बंटवारा करने का फैसला किया है। इसकी शुरूआत करते हुए मुकेश अंबानी ने खुद रिलायंस जियो बोर्ड से इस्तीफा देकर आकाश अंबानी को नया चेयरमैन नियुक्त किया है। मुकेश अंबानी नई जेनरेशन के लिए ऐसा कुछ भी नहीं छोड़ना चाहते हैं, जिसको लेकर भविष्य में बच्चों के बीच विवाद हो। ब्लूमबर्ग के मुताबिक दुनिया में 10वीं रैंक के अरबपति धीरे-धीरे अपने साम्राज्य को अपने परिवार के बीच बांट रहे हैं। उद्योगपति मुकेश अंबानी ने रिलायंस जियो के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है और कंपनी की बागडोर बड़े बेटे आकाश को सौंप दी है। इसे 65 वर्षीय अरबपति द्वारा भावी उत्तराधिकारी तैयार करने के रूप में देखा जा रहा है।

**आंदोलन** | डीजल वाहनों पर प्रतिबंध से व्यापार दूसरे राज्यों में होगा स्थानांतरित : कैट

# दिल्ली के व्यापारी 10 जुलाई से राज्य सरकार के आदेश के खिलाफ करेंगे आंदोलन



दर्पण न्यूज सर्विस

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा है कि दिल्ली में डीजल वाहनों के एक अक्टूबर, 2022 से प्रतिबंध लागू होने पर अपना कारोबार दूसरे राज्यों में स्थानांतरित करेंगे। दरअसल, राजधानी में प्रदूषण रोकने के नाम पर दिल्ली सरकार ने आगामी एक अक्टूबर, 2022 से 28 फरवरी, 2023 तक दिल्ली में मध्यम और भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है।

केजरीवाल सरकार के इस फैसले को लेकर देश की राजधानी दिल्ली के व्यापारियों में अपने कारोबार के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस मुद्दे पर कैट ने बुधवार को दिल्ली के सभी भागों के प्रमुख व्यापारी संगठनों की एक बैठक बुलाई जिसमें लगभग 200 से अधिक व्यापारिक संगठनों के नेता मौजूद थे। इस बैठक में कारोबारियों ने एकमत होकर कहा कि यदि केजरीवाल सरकार अपने आदेश को वापस नहीं लेती है, तो मजबूर होकर दिल्ली के व्यापारियों को दिल्ली के पड़ोसी राज्यों हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में अपने कारोबार को स्थानांतरित करना पड़ेगा। कारोबारी संगठन कैट की बैठक में ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन और दिल्ली ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के नेता भी शामिल हुए। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूरे दिल्ली में केजरीवाल सरकार के इस आदेश के खिलाफ एक आक्रामक और सघन अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए कैट के प्रदेश अध्यक्ष विपिन आहूजा के नेतृत्व में एक संघर्ष समिति का गठन किये जाने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। इस प्रस्ताव के मुताबिक 10 जुलाई, 2022 से वाले इस अभियान में दिल्ली के सभी बाजारों में व्यापारियों की सभाएं तथा रैली आयोजित होगी, जिसमें दिल्ली सरकार से इस आदेश को वापस लेने की मांग की जाएगी। व्यापारियों का कहना है कि प्रदूषण निश्चित तौर पर बड़ी समस्या है, लेकिन इसको रोकने के लिए उठाया यह कदम व्यापार का अहित न करे। यह सोचना बेहद जरूरी है। कैट ने कहा कि दिल्ली में संभावित प्रदूषण को कम करने के लिए व्यापारियों ने दिल्ली में एक करोड़ पेड़ लगाने का प्रस्ताव भी पास किया। कैट इसके लिए केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम से सहयोग की मांग करेगी। आगामी रक्षा बंधन पर दिल्ली के सभी व्यापारी संगठन वृक्ष मित्र योजना चलाएंगे और पेड़ों पर राखियां बांध कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लेंगे। इस मुद्दे पर कैट का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, दिल्ली के उप-राज्यपाल विनय सक्सेना और

# शेयर बाजार में तेजी से सेंसेक्स 299 अंक उछला



दर्पण न्यूज सर्विस

**नई दिल्ली।** सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को गिरावट के साथ खुलने के बाद घरेलू शेयर बाजार में मजबूती का रुख है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 299.49 अंक यानी 0.56 फीसदी उछलकर 53,326.46 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 50.15 अंक यानी 0.32 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है।

बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान रिलायंस, कोटक महिंद्रा, टाटा स्टील, सन फार्मा, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सेंसेक्स के टॉप गेनर्स की सूची में हैं। वहीं, बैंक और फाइनेंशियल इंडेक्स निफ्टी में बढ़त दिख रहा है। मेटल इंडेक्स में एक फीसदी से ज्यादा की तेजी है, जबकि आईटी इंडेक्स भी करीब 0.50 फीसदी मजबूत हुआ है। हालांकि, ऑटो और एफएमसीजी शेयरों पर दबाव है, जबकि फार्मा, रियल्टी सहित दूसरे इंडेक्स बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले 30 शेयरों पर आधारित बीएसई का सेंसेक्स 150.48 अंक यानी 0.28 फीसदी की गिरावट के साथ 53,026.97 अंक पर बंद हुआ था। वहीं, एनएसई का निफ्टी 51.10 अंक यानी 0.32 फीसदी की गिरावट के साथ 15,799.10 के स्तर पर बंद हुआ था।

# जेनिफर विंगेट को ब्लैक वन ऑफ शोल्डर मोनोकनी में देखकर फैंस को हुआ उनसे 'बेपनाह' प्यार

**वेब सीरीज** कोड एम बेहद और बेपनाह में अपनी एक्टिंग का दम दिखाने वाली जेनिफर विंगेट प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहती हैं। काम के साथ जेनिफर सोशल मीडिया पर फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। टीवी की जानी मानी एक्ट्रेस जेनिफर विंगेट को न सर्फि उनकी एक्टिंग बल्कि उनकी खूबसूरती के लिए भी जाना है। जेनिफर इंडस्ट्री की मोस्ट गॉर्जियस एक्ट्रेस की लिस्ट में शुमार हैं। जेनिफर ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। इसके साथ ही जेनिफर वेब सीरीज में भी नजर आ चुकी हैं।

एक्टिंग के साथ ही जेनिफर सोशल मीडिया पर अपनी बोल्डनेस की वजह से छाई रहती हैं। वह अक्सर ही अपनी हॉट एंड सीजलिंग तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर फैंस को सरप्राइज देती हैं। इसी बीच अब जेनिफर ने एक बार फिर से अपनी हॉटनेस से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। वेब सीरीज 'कोड एम', 'बेहद' और 'बेपनाह' जैसे शोज में अपनी दमदार एक्टिंग का दम दिखाने वाली जेनिफर विंगेट ने एक बार फिर से अपनी हॉट तस्वीरों से हर किसी का ध्यान खींचा है। जेनिफर ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने



लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो बला की खूबसूरत दिख रही हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं कि वो ब्लैक कलर की स्टाइलिश मोनोकिनी पहने कातिलाना पोज देती दिख रही हैं। उनकी ये तस्वीरें थाईलैंड में वेकेशन के दौरान की हैं। तस्वीरों में जेनिफर वन ऑफ शोल्डर मोनोकिनी सीजलिंग पोज दे रही हैं। हर तस्वीर में उनका अंदाज देख फैंस क्रेजी हो रहे हैं। जेनिफर विंगेट की इन तस्वीरों को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं इस पर कमेंट कर फैंस जेनिफर के लुक और स्टाइल की तारीफ करते नहीं थक रहे। जेनिफर की इन तस्वीरों पर कमेंट कर फैंस उन्हें हॉट, बोल्ड, ब्यूटीफुल जैसे कमेंट कर उनकी तारीफें करते दिख रहे हैं। अबतक इन तस्वीरों को काफी बार देखा जा चुका है। टीवी की 'बहू' पर असल जिंदगी में 'बेब' हैं टीवी की ये टॉप एक्ट्रेस, बोल्डनेस से सोशल मीडिया पर मचा चुकी हैं बवाल। जेनिफर विंगेट के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही अपनी बहुचर्चित वेब सीरीज कोड एम के पहले और दूसरे सीजन को लेकर काफी चर्चा में रही हैं। ऑल्ट बालाजी और जी5 की इस वेब सीरीज में जेनिफर मेजर मोनिका मेहरा के किरदार में नजर आई हैं। जेनिफर को मेजर के रोल में काफी पसंद किया गया

# आमिर खान को दो तलाक के बाद याद आया अपना पुराना प्यार



**आमिर खान** और करीना कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्म लाल सिंह चड्ढा का ट्रेलर फाइनली दर्शकों के सामने आ चुका है। वहीं अब ये फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आमिर की इस फिल्म को लेकर दर्शक काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान हमेशा ही सुर्खियों में बने रहते हैं। आमिर अपने काम के साथ साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। आमिर भले ही अपने करियर में एक कामयाब इंसान हो लेकिन निजी जिंदगी में नहीं। आमिर अपने दो तलाक को लेकर वो काफी चर्चा में रहे हैं। इसी बीच अब आमिर ने अपने एक पुराने प्यार का खुलासा किया है। अचानक ही अब आमिर को अपना सालों पुराना प्यार याद आ रहा है। आमिर खान की अपकमिंग मूवी 'लाल सिंह चड्ढा' का गाना 'फिर ना ऐसी रात आएगी' हाल ही में रिलीज हुआ है। सॉन्ग लॉन्च के दौरान आमिर ने अपने पहले प्यार को याद किया। सॉन्ग लॉन्च इवेंट में आमिर ने कहा, 'मेरी लाइफ का ये वो समय था जब मैं टेनिस खेलता था, वो लड़की भी मेरे साथ उसी क्लब में थी। अचानक एक दिन पता चला कि वो अपनी फैमिली के साथ देश छोड़कर चली गई है। उसके जाने से मैं काफी दुखी हो गया था। सबसे ज्यादा बुरा ये था कि उसे ये बात पता नहीं थी कि मैं उसे बेहद पसंद करता था। लेकिन इन सब में एक बीच बहुत ज्यादा अच्छी हुई कि मैं बहुत अच्छा टेनिस खिलाड़ी बन गया। बाद में, कुछ सालों बाद मैंने राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में टेनिस खेला और नेशनल लेवल चैंपियन बन गया।' आमिर खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो इन दिनों वो अपनी आने वाली फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' को लेकर काफी बिजी हैं। आमिर और उनकी पूरी टीम अपनी आने वाली फिल्म के प्रमोशन में जोरों से लगे हैं। अद्वैत चंदन द्वारा निर्देशित यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में आमिर खान के अलावा करीना कपूर खान, नागा चैतन्य और मोना सिंह लीड रोल प्ले करते नजर आएंगे।

# कैटरीना कैफ की हमशक्ल जब अचानक इवेंट में ही आ गई

**कटरीना कैफ** की हमशक्ल की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल होती हैं। इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर मानों तहलका ही मचा दिया है। कटरीना की हमशक्ल को देखकर एक बार को एक्ट्रेस के पति विक्की कौशल भी धोखा खा सकते हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ न सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। कटरीना कैफ ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। वहीं उनके फैंस की लाइन काफी लंबी है, जो उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। वहीं कटरीना भी अपने चाहने वालों के जरा भी निराश नहीं करती हैं। लेकिन हाल ही में कुछ ऐसा हुआ, जिसके बाद हर किसी को आंखें फटी की फटी रह गई। हाल ही में एक इवेंट में अचानक ही कटरीना कैफ एक इवेंट में पहुंच गई। उन्हें इवेंट में अचानक देख हर कोई हैरान रह गया। लेकिन जब उन्हें पास देखा गया तो ये कटरीना नहीं बल्कि उनकी हमशक्ल थी। वहां मौजूद हर कोई उन्हें बार-बार पलट कर देख रहा था। दरअसल, हाल ही में एक इवेंट में कटरीना कैफ जैसी हु-ब-हू दिखने वाली एक खूबसूरत सी लड़की पहुंच गई। उसे देखकर हर किसी का मुंह बस खुला का खुला रह गया। आपको बता दें कि इस हसीना का नाम है अलीना राय है। अलीना हु-ब-हू कटरीना कैफ जैसी ही दिखती हैं। अलीना को देखकर वहां मौजूद हर कोई कंफ्यूज हो गया। अलीना फेस, रंग, हाइट हर तरह से कटरीना जैसी ही दिखती हैं। ये कहना गलत नहीं होगा कि अलीना को देखकर एक बार को विक्की कौशल भी पहचानने में धोखा खा सकते हैं। यही नहीं फैंस भी कटरीना और अलीना को पहचान पाने में कंफ्यूज दिखाई दिए। अलीना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। कटरीना को कॉपी करते हुए अलीना ने कई सारे वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिय अकाउंट पर पोस्ट की है। हर तस्वीर में अलीना लुक और कद-काठी भी कटरीना की तरह ही दिखती हैं। अलीना भी कटरीना की तरह ही बेहद फिट हैं। कटरीना की हमशक्ल होने की वजह से अलीना के भी सोशल मीडिया पर अच्छी खासी फैन फॉलोइंग हैं।



वर्कफ्रंट की बात करें तो कटरीना कैफ काफी समय से बड़े पर्दे पर नजर नहीं आई हैं। हलांकि कई फिल्में उनकी पाइपलाइन में हैं। उनके पास 'फोन भूत' के अलावा सलमान खान के साथ 'टाइगर 3', श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित 'मेरी क्रिसमस' है। इसके आलावा उनके पास फरहान अख्तर की फिल्म 'जी ले जरा' भी है। इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा भी नजर आएंगी।

# 'जुग जुग जीयो' की बॉक्स ऑफिस पर हाफ सेंचुरी

**साल 2022** ज्यादातर बॉलीवुड फिल्मों के लिए अच्छा नहीं रहा है। कई चर्चित चेहरों वाली फिल्में असफल रहीं। अब जुग जुग जीयो पर सबकी नजरें हैं कि फिल्म क्या कमाल करती है जो दूसरे वीकेंड में साफ हो जाएगा। वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर अभिनीत जुग जुग जीयो आज गुरुवार को सिनेमाघरों में सात दिनों का सफर पूरा कर लेगी। इससे पहले बुधवार तक फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक कलेक्शन किया है। हालांकि, ओपनिंग वीकेंड के बाद फिल्म की गति काफी कम हो गयी, मगर वर्किंग वीक में कलेक्शंस में स्थिरता बनी रही और प्रतिदिन मामूली गिरावट के साथ फिल्म आगे बढ़ती रही। ट्रेड रिपोर्ट्स के अनुसार, बुधवार को जुग जुग जीयो का नेट कलेक्शन चार करोड़ की रेंज में ही रहा, यानी फिल्म ने 50 करोड़ का पड़ाव पार कर लिया है। मंगलवार तक फिल्म 46.27 करोड़ जमा कर चुकी थी और हाफ सेंचुरी के लिए इसे बस 3.73 करोड़ ही चाहिए थी। इस लिहाज से पूवार्नुमान है कि फिल्म ने कल यानी बुधवार को हाफ सेंचुरी लगा दी है। जुग जुग जीयो एक फैमिली ड्रामा फिल्म है, जिसमें तलाक के मुद्दे को कॉमिक अंदाज में दिखाया गया है। वरुण और कियारा आडवाणी पति-पत्नी के किरदार में हैं, वहीं अनिल कपूर-नीतू कपूर वरुण के माता-पिता के रोल में हैं। फिल्म का निर्देशन राज मेहता ने किया है। जुग जुग जीयो, वरुण धवन की साल 2022 में पहली रिलीज फिल्म है। वहीं, कियारा आडवाणी की यह दूसरी फिल्म है। कियारा की भूल भुलैया 2 बॉक्स ऑफिस पर सुपर हिट रही थी, जिसमें कार्तिक आर्यन ने लीड रोल निभाया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 180 करोड़ से अधिक कलेक्शन



किया था। जुग जुग जीयो 24 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और फिल्म ने 9.28 करोड़ की बेहतरीन ओपनिंग ली थी। इसके बाद शुक्रवार और शनिवार को 12.55 करोड़ और 15.10 करोड़ बटोरे। फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड में ही 36.93 करोड़ जुटा लिये थे। वर्किंग वीक शुरू होने पर कलेक्शंस में 50 फीसदी तक गिरावट आयी। सोमवार को फिल्म ने 4.82 करोड़ और मंगलवार को 4.52 करोड़ जमा किये थे।

# जुलाई में बॉक्स ऑफिस पर होंगे तीन बड़े क्लैश, 'थॉर' का हथौड़ा भी दिखाएगा दम

**एक विलेन** रिटर्न्स की प्रमोशनल गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं। बुधवार को अर्जुन कपूर ने पोस्टर शेयर करके जानकारी दी कि ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया जा रहा है। इसके अलावा इस महीने कई अहम फिल्में आ रही हैं। साल 2022 बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के लिए कुछ अच्छा नहीं गुजर रहा है। अभी तक रिलीज हुई ज्यादातर हिंदी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अपेक्षाओं के अनुरूप बिजनेस नहीं कर सकीं और चर्चित चेहरे होते हुए ढेर हो गयीं। अब जुलाई से नई छमाही शुरू हो रही है और कई चर्चित फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं, जिसकी वजह से बॉक्स ऑफिस पर टकराव भी हो रहे हैं। पहली जुलाई को आदित्य रॉय कपूर और संजना सांघी की फिल्म राष्ट्र कवच ओम रिलीज होगी। यह एक हार्ड कोर एक्शन फिल्म है, जिसमें आदित्य बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं। इसके साथ आएगी आर माधवन की रॉकेट्री- द नाम्बी इफेक्ट। यह माधवन की पहली डायरेक्टोरियल और रॉकेट साइंटिस्ट नाम्बी नारायणन की बायोपिक फिल्म है। यह फिल्म दक्षिण भारतीय भाषाओं के साथ हिंदी में भी बड़े स्तर पर रिलीज होगी।




8 जुलाई को विद्युत जामवाल की खुदा हाफिज चैप्टर 2- अग्नि परीक्षा रिलीज होगी। फारुक कबीर निर्देशित यह हार्ड कोर एक्शन फिल्म है। इसके साथ कम बजट वाली फिल्म टीटू अम्बानी आएगी। 15 जुलाई को फिर एक टक्कर होने जा रही है। तापसी पन्नू की शाबाश मिट्ठू और राजकुमार राव की हिट- द फर्स्ट केस आ रही हैं। शाबाश मिट्ठू, लीजेंड्री क्रिकेटर मिताली राज की बायोपिक है। वहीं हिट एक थ्रिलर फिल्म है। राजकुमार राव के साथ सान्या मल्होत्रा फीमेल लीड रोल में हैं। दर्शक राजुकमार राव को पहली बार ऐसे अंदाज में देखेंगे। वो एक पुलिस अफसर के रोल में हैं। 22 जुलाई को रणबीर कपूर की शमशेरा आ रही है। इस फिल्म का प्रचार-प्रसार जोर-शोर से किया जा रहा है। करण मल्होत्रा निर्देशित शमशेरा पीरियड फिल्म है। रणबीर पहली बार एक्शन करते दिखेंगे। पहली बार ही वो डबल रोल में भी दिखेंगे। संजय दत्त शमशेरा में विलेन के किरदार में हैं। 22 जुलाई को ही रजत कपूर, मल्लिका शेरावत और रणवीर शौरी की आरके/आरके रिलीज हो रही है। 28 जुलाई को कन्नड़ फिल्म विक्रांत रोणा हिंदी भाषा में भी बड़े स्तर पर रिलीज की जा रही है। इस फिल्म के हिंदी वर्जन को सलमान खान पेश कर रहे हैं। यह मिस्ट्री-थ्रिलर फिल्म है, जिसमें विक्रांत एक पुलिस अफसर के रोल में हैं। यह 3डी में भी रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर विक्रांत रोणा की टक्कर एक विलेन रिटर्न्स से होगी, जो अगले दिन यानी 29 जुलाई को सिनेमाघरों में उतरेगी। इस फिल्म में अर्जुन कपूर, जॉन अब्राहम, तारा सुतारिया और दिशा पाटनी मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। इन फिल्मों के अलावा हॉलीवुड से भी एक बड़ी फिल्म आ रही है- थॉर लव एंड थंडर, जो 7 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म को लेकर भी भारतीय दर्शकों में काफी उत्सुकता है।

# स्वरा भास्कर को मिली जान से मारने की धमकी, पुलिस में शिकायत की दर्ज

**स्वरा भास्कर** को जान से मारने की धमकी मिली है' इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है' अभी तक इस बात का पता नहीं चला है कि उन्हें जान से मारने की धमकी किसने दी है। स्वरा भास्कर को जान से मारने की धमकी मिल रही है' उन्होंने मुंबई पुलिस में एक शिकायत दर्ज करवाई है' मुंबई पुलिस मामले की जांच कर रही है' अभिनेत्री स्वरा भास्कर को हाल ही में एक धमकी से भरा लेटर प्राप्त हुआ है' उन्हें यह पत्र उनके वसोर्वा स्थित घर पर भेजा गया है' इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और मुंबई पुलिस मामले की छानबीन कर रही है'। अभिनेत्री स्वरा भास्कर को एक जान से मारने वाला



धमकी भरा पत्र मिला है' पत्र किसने भेजा है, इस बात की जानकारी का पता नहीं चल पाया है' इसके पहले सलमान खान को भी ऐसा ही एक पत्र मिल चुका है' इसमें उन्हें और उनके पिता को टारगेट किया गया था' पीटीआई की खबरों के अनुसार यह पत्र स्वरा के घर पर भेजा गया' पत्र मिलने के बाद स्वरा भास्कर ने वसोर्वा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई' अधिकारियों ने इस बारे में पीटीआई को बताया, 'शिकायत के आधार पर हमने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एनसी रजिस्टर कर ली है'' रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि उन्होंने विनायक दामोदर सावरकर का अपमान किया गया किया है' यह लेटर हिंदी में लिखा गया है' हाल ही में सिद्धू मूसेवाला का मर्डर हुआ था' इसके बाद सलमान खान और सलीम खान को जान से मारने की धमकी मिली है' सलीम खान के सिक्योरिटी को एक पत्र उनके बांद्रा में स्थित घर के बाहर मिला था'। वहीं सिद्धू मूसेवाला को हाल ही में पंजाब के मानसा जिले में 29 मई को गोली मार दी गई थी' पंजाब पुलिस ने इसके पहले 1 दिन पहले ही सिद्धू मूसेवाला की सिक्योरिटी में कमी की थी' सिद्धू मूसेवाला अपनी कार से दोस्त गुरविंदर के साथ कहीं जा रहे थे और उनपर यह हमला हुआ' हमले में उनकी जान चली गई' स्वरा भास्कर फिल्म एक्ट्रेस हैं' उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है' उनकी फिल्में काफी पसंद की गई है'।

# भोजपुरी सांग 'बोलिया बोलेलु जब जान'

**भोजपुरी के** स्टार सिंगर गुंजन सिंह अपनी बेहतरीन आवाज और गायिकी के लिए जाने जाते हैं। उनका गाया हुआ सांग उनकी भोजपुरी फिल्म '9 एमएम पिस्टल' आ गया है। इसके रिलीज होने से पहले इसके कई गाने और ट्रेलर वीडियो जारी किए जा चुके हैं। अब इसी बीच उनका रोमांटिक गाना बोलिया बोलेलु जब जान का वीडियो जारी कर दिया गया है। इसमें उनके साथ एक्ट्रेस स्वीटी छाबरा भी नजर आ रही हैं। गुंजन सिंह के रोमांटिक गाने बोलिया बोलेलु जब जान के वीडियो को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के यूट्यूब वीडियो पर जारी किया गया है। इसे गुंजन सिंह ने अपनी आवाज दी है और मनोज मतलबी ने इसके लिरिक्स लिखे हैं। वहीं, म्यूजिक अविनाश झा घुंघरू ने दिए हैं. इस फिल्म का निर्माण नूतन




फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। इसमें गुंजन सिंह और स्वीटी छाबरा के बीच शानदार केमिस्ट्री देखने के लिए मिल रही है और ये यूट्यूब पर बवाल माचने को तैयार है। बता दें कि नूतन फिल्म्स के बैनर तले निर्मित भोजपुरी फिल्म 9 एम एम पिस्टल से पहली बार गुंजन और स्वीटी ऑनस्क्रीन रोमांस करते नजर आ रहे हैं। इसके निमार्ता डीके सिंह हैं। सह निमार्ता संतोष सागर व अभिजीत विश्वास हैं। वहीं, मूवी के डायरेक्टर मेराज खान हैं। लेखक नन्हे पांडेय, संगीतकार अविनाश झा घुंघरू व अनुज तिवारी, गीतकार प्यारेलाल यादव कवि, आजाद सिंह, मनोज मतलबी, सुमित सिंह चन्द्रवंशी, विवेक गाजीपुरी हैं। छायांकन जहांगीर सैयद, नृत्य अन्थोनी, संजय कोर्बे, प्रवीण सेलार, मारधाड़ फिरोज खान का हैं। मार्केटिंग हेड विजय यादव और प्रचारक डब्ल्यूडब्ल्यूआर टीम कर रही हैं।

# एक विलेन का पोस्टर जारी

**2012 की** सुपरहिट फिल्म एक विलेन के सिक्वेल एक विलन रिटर्न का पोस्टर जारी कर दिया गया है' इस पोस्टर में दिशा पाटनी, अर्जुन कपूर, तारा सुतारिया और जॉन अब्राहम नजर आ रहे हैं' सभी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म के पोस्टर को शेयर किया है' दिशा पाटनी ने जॉन अब्राहम के साथ अपनी तस्वीर वाली पोस्टर शेयर की है दिशा पाटनी ने जॉन अब्राहम के साथ अपनी तस्वीर वाली पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, 'हीरो और हीरोइन की स्टोरी तो बहुत है' अब बारी है एक विलेन की कहानी जानने की' ट्रेलर कल आ रहा है' 29 जुलाई 2022 को फिल्म रिलीज होगी'' अर्जुन कपूर ने भी तारा सुतारिया के साथ का फिल्म के पोस्टर को शेयर किया है' एक विलेन 2 को एक विलेन का सीक्वल बताया जा रहा है' हालांकि फिल्म की कहानी एकदम अलग है' 2014 में आई फिल्म एक विलेन में श्रद्धा कपूर, सिद्धार्थ मल्होत्रा और रितेश देशमुख की अहम भूमिका थी' एक विलेन 2 के पोस्टर ब्लैक एंड वाइट में है' इसमें अर्जुन कपूर और तारा सुतारिया काफी इंटेंस लुक देते नजर आ रहे हैं' वहीं जॉन अब्राहम और दिशा पाटनी का भी लुक काफी खतरनाक है' जॉन अब्राहम फिल्म अभिनेता है' उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है' उनकी फिल्में काफी पसंद की गई है' जॉन अब्राहम पहली बार दिशा पाटनी के साथ फिल्म में नजर आएंगे' इस फिल्म का निर्देशन मोहित सुरी कर रहे हैं' वहीं इस फिल्म का निर्माण एकता कपूर और शोभा कपूर कर रही है' फिल्म एक विलेन काफी लोकप्रिय फिल्म थी' इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था' यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से अधिक का व्यापार कर चुकी है'